2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक-326 शनिवार,01 अक्टूबर 2022, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

बस सुकर्म करते चलो,
उसका फल एक दिन तुम पर
छप्पर फाड़कर गिरेगा।
- शेख सादी-

## शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई ने अदालत में जमा की पहली चार्जशीट

### पार्थ चटर्जी समेत 16 के नाम शामिल

**कोलकाता, 30 सितम्बर 2022।** शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी के बाद अब सीबीआइ ने भी शुक्रवार को अपनी पहली चार्जशीट अलीपुर स्थित सीबीआइ अदालत में जमा कर दी। चार्जशीट में बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत 16 लोगों के नाम हैं। अन्य अन्य में पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली, स्कूल सेवा आयोग की सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य शांति प्रसाद सिन्हा व अशोक साहा के नाम उल्लेखनीय हैं। चार्जशीट में दो मध्यस्थों के भी नाम हैं। सीबीआइ ने घोटाले की जांच का जिम्मा अपने हाथों में लेने के 51 दिनों के बाद चार्जशीट जमा की है। एसएससी के ग्रुप %सी% से जुड़े मामले में चार्जशीट जमा की गई है।




**सुप्रीम कोर्ट से फिर माणिक को राहत, 10 अक्टूबर तक गिरफ्तारी पर रोक**

दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व तृणमूल कांग्रेस विधायक माणिक भट्टाचार्य को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से फिर राहत मिल गई। सुप्रीम कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है, हालांकि अदालत ने उनसे जांच में सीबीआइ का सहयोग करने को कहा है।

अदालत ने कहा कि जब तक माणिक भट्टाचार्य जांच में सहयोग करेंगे, तब तक सीबीआइ उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकती और न ही उनके खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई कर सकती है। इस मामले पर अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी। मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआइ के अधिवक्ता से यह भी पूछा कि इस मामले की जांच कब तक चलेगी। अदालत नहीं चाहती कि वर्षों तक जांच चलती रहे।

**एसएससी भर्ती घोटाला को लेकर सामने आ चुकी है अहम जानकारी**

बता दें कि कुछ दिनों पहले सीबीआइ ने बंगाल स्कूल सेवा आयोग(एसएससी) भर्ती घोटाला में सनसनीखेज खुलासा किया था। सीबीआइ ने कलकत्ता हाई कोर्ट को फारेंसिक रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कई चौंकानेवाली जानकारी सामने आई। इस रिपोर्ट के अनुसार फेल हुए अभ्यर्थियों का नंबर भी एसएससी सर्वर में बदलकर उसे पास कर दिया गया था।

इस तरह से ग्रुप सी में 3,481 और ग्रुप डी में 2,823 अभ्यर्थियों के नंबर बदले गए। इन अभ्यर्थियों में से किसी को परीक्षा में एक तो किसी को शून्?य नंबर मिले थे। सीबीआइ ने कोर्ट को बताया कि एसएससी सर्वर रूम से तीन हार्ड डिस्क जब्त कर उसकी जांच की गई है जिससे यह जानकारी सामने आई।

## बीच सड़क रुका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफिला



**अमहदाबाद, 30 सितम्बर 2022।** वैसे तो प्रधानमंत्री का काफिला जब चलता है तो बड़े से बड़े वीआईपी को रुकना पड़ता है, ऐसा प्रधानमंत्री की सुरक्षा की वजह से किया जाता है लेकिन एक ऐसी घटना हुई जिसे देखकर लोगों ने पीएम की तारीफ करनी शुरु कर दी। अहमदाबाद में अपने एक कार्यक्रम में जाने के दौरान एक एम्बुलेंस आ गई जिसे रास्ता देने खुद पीएम का काफिला रुक गया।

बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात दौरे का आज दूसरा दिन है। आज प्रधानमंत्री नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए अहमदाबाद से गांधीनगर जा रहे थे। उसी दौरान हाईवे पर एंबुलेंस देखकर पीएम का काफिला रोका गया।

प्रधानमंत्री ने गांधीनगर से कालूपुर तक नई ट्रेन में सफर भी किया। ट्रेन में उनके साथ रेलवे कर्मचारी, महिला उद्यमी और कई युवा भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार



### होटल के कमरे में फंदे पर लटकता मिला मॉडल का शव! पास मिला सुसाइड नोट,लिखा- मेरी मौत

**मुंबई , 30 सितम्बर 2022।** मुंबई के अँधेरी इलाके में एक एक्ट्रेस-मॉडल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. वर्सोवा पुलिस को मृतिका के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि उसकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

मिली जानकरी के मुताबिक, मॉडल ने होटल में एक कमरा बुक किया था। बुधवार की रात करीब 8 बजे उसने चेक इन किया था। पुलिस के मुताबिक फिल्म इंडस्ट्री में काम नहीं मिलने से मॉडल डिप्रेशन में थी और बुधवार की रात होटल में ही खाना खाया था.

हालांकि, सुबह जब होटल के कर्मचारियों ने घंटी बजाई, तो उसने दरवाजा नहीं खोला। कर्मचारियों को किसी अनहोनी का शक हुआ, तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में होटल स्टाफ ने मास्टर की का उपयोग करके कमरे का दरवाजा खोला, तो मॉडल के गले में फंदा था और वह पंखे से लटकी मिली। पुलिस ने उसे पंखे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मॉडल को मृत घोषित कर दिया।

### ओमेक्स सोसायटी में 132 फ्लैट्स पर चला बुलडोजर, मंदिर की वजह से बचा एक फ्लैट



**उत्तर प्रदेश, 30 सितम्बर 2022।** कुछ हफ्तों पहले नोएडा की ओमैक्स सोसायटी तब चर्चा में आई थी जब सोसायटी के एक दबंद व्यक्ति श्रीकांत त्यागी ने एक महिला के साथ काफी अभद्र भाषा में बात किया था। जिस घटना के बाद सोसायटी में काफी बवाल हुआ था, पूरी सोसायटी ने श्रीकांत त्यागी को गिरफ्तार कर लिया था। श्रीकांत त्यागी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। अब इस मामले के बाद ये सोसायटी एक बार फिर चर्चा में है। ओमैक्स सोसायटी के 132 फ्लैट ऑनर्स के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया है। इस कार्रवाई में 4 बुलडोजर और 4 डम्पर को लगाया गया है। बताया जा रहा है कि नोएडा अथॉरिटी ने सभी फ्लैट ऑनर्स को 48 घंटे का समय दिया गया था।

## पीएफआईपर बैन के बाद मदरसे में बड़ी साजिश

### गुजरात एटीएस ने किया सील

**अहमदाबाद , 30 सितम्बर 2022।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर बैन के बाद वडोदरा में गुजरात एटीएस ने एक मदरसे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, मदरसे में बड़ी साजिश रचने की आशंका के मद्देनजर एटीएस ने यह कार्रवाई की है। मामले में एसीपी एएच राठौड़ा ने बताया कि स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम को जानकारी मिली थी कि एक मस्जिद में कुछ संदिग्ध गतिविधि चल रही है। यहां प्रतिबंधित संगठन ऑल इंडिया इमाम काउंसिल की बैठक भी हुई थी। इसके बाद पुलिस की टीम ने यहां छानबीन की और इस जगह को सील कर दिया।



पुलिस की टीम ने मदरसे के प्रबंधकों के साथ पूरे जगह की तलाशी ली। हालांकि, कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। इस जगह की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। यहां पर लोगों को किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि नहीं करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि पीएफआई पर गृह मंत्रालय ने एजेंसियों के इनपुट के बाद पांच साल का बैन लगा दिया है। इसके साथ ही पीएफआई के सहयोगी संगठनों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय की ओर से जारी एक लेटर के अनुसार, ये संगठन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर पीएफआई की मदद करते थे। इसमें से कई संगठनों पर फंडिंग करने के भी आरोप हैं।

गौरतलब है कि NIA ने बीते मंगलवार को पीएफआई के कई अलग-अलग ठिकानों पर कार्रवाई करते हुए 247 लोगों को गिरफ्तार किया था। सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां कर्नाटक से हुई थीं। यहां से 72 लोगों को पकड़ा गया है। इसके बाद उत्तर प्रदेश से 44 और महाराष्ट्र से 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, दिल्ली, मध्य प्रदेश , असम और गुजरात से भी गिरफ्तारियां हुई हैं।

## एंबुलेंस में मिला 25 करोड़ के नकली नोटों का जखीरा

**» दो-दो हज़ार रुपये के नोट देख पुलिस के भी उड़ गए होश**

**सूरत , 30 सितम्बर 2022।** गुजरात की सूरत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने दो-दो हज़ार रुपये के नक़ली नोटों से भरे बक्सों को एक एंबुलेंस से बरामद किया है. आपको जानकर ये हैरानी होगी कि इन नोटों पर भारतीय रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया के बजाय भारतीय रिवर्स बैंक ऑफ़ इंडिया और केवल सिनेमा शूटिंग के लिए लिखा गया है.





दरअसल, गुरुवार के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत शहर के लिंबायत इलाक़े में एक रोड शो कर जनसभा को संबोधित किया और शाम को सूरत ज़िला के कामरेज इलाक़े से खबर आई कि पुलिस ने बड़ी तादात में नक़ली नोटों का ज़खीरा पकड़ा है.

दो-दो हज़ार के नक़ली नोटों के पकड़े जाने की ख़बर फैलते ही हर कोई ये जानने के प्रयास में था कि आखिर ये पूरा माजरा क्या है? सूरत रूरल पुलिस के कामरेज थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि अहमदाबाद से मुंबई की ओर जाने वाली एक एंबुलेंस में नक़ली नोटों का बड़ा ज़खीरा जा रहा है. कामरेज थाना पुलिस ने सूचना मिलते ही हाईवे पर एंबुलेंस को पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया था।

कामरेज थाना पुलिस की टीम ने हाईवे पर स्थित शिव शक्ति होटल के पास नाकाबंदी कर एंबुलेंस को रोक लिया था. मूलतः जामनगर के रहने वाले एंबुलेंस चालक हितेश पुरुषोत्तम कोटदिया से एंबुलेंस के पीछे का दरवाज़ा खुलवा कर चेक किया तो उसके अंदर 6 बक्से निकले, जिनके अंदर 1290 दो हज़ार रुपये की नोटों के बंडल मिले थे, जो 25 करोड़ 80 लाख होते हैं.

जिस एंबुलेंस से यह नोट बरामद हुए है, उस पर दीकरी एजुकेशन ट्रस्ट मोटा वडाला सूरत लिखा हुआ है. साथ ही साथ गौ-माता राष्ट्र माता भी लिखा हुआ है. इस एंबुलेंस से नक़ली नोटों के बंडल मिलने की खबर मिलते ही खुद सूरत रूरल के एसपी हितेश जॉयसर कामरेज पुलिस थाने पहुंच गए थे. एसपी हितेश जॉयसर ने सबसे पहले उस एंबुलेंस को देखा, जिसमें से दो-दो हज़ार रुपये के नोटों के बंडल बरामद हुए।

## आठवीं कक्षा की छात्रा से आठ आरोपियों ने दुष्कर्म कर बनाया अश्लील वीडियो

**अलवर, 30 सितम्बर 2022।** राजस्थान में अलवर जिले के किशनगढ़बास थाना क्षेत्र में आठवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर नौ माह तक रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। आरोपी आठ युवकों ने उसकी अश्लील फोटो होने का झांसा देकर बुलाया और फिर जबरन कपड़े उतरवा वीडियो बना लिया। इसके वायरल करने की धमकी दे गैंगरेप किया। उससे रुपए ऐंठने लगे। पीड़िता से आरोपियों ने करीब 50 हजार रुपए ऐंठ लिए। जिसके बाद पीड़िता और रुपयों का इंतजाम नहीं कर पाई तो ये वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। जो उसके घरवालों तक पहुंच गया।



मामले का खुलासा होने पर पीड़िता के भाई ने आठ युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट और आईटी एक्ट में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार करीब 16 वर्षीय पीड़िता के भाई ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन के पास 31 दिसंबर 2021 को साहिल ने फोन कर गोठड़ा के पास बुलाया और कहा कि हमारे पास तेरी फोटो है नहीं आई तो तेरा फोटो वायरल कर देंगे। पीड़िता वहां पहुंची तो वहां मौजूद आठ लड़कों ने उसके जबरन कपड़े उतार वीडियो बना ली। इसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर इन सभी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वह करीब एक घंटे तक वहीं बेसुध पड़ी रही। होश आने पर वह घर लौटी। इसके बाद आरोपी उससे रुपए ऐंठने लगे। गत अगस्त माह तक इन लोगों ने पीड़िता से करीब 50 हजार रुपए ले लिए तथा दो तीन बार दुष्कर्म किया।

कुछ दिन पहले उससे आरोपियों ने ढाई लाख रुपए की मांग की। पीड़िता ने कहा कि इतने पैसे उसके पास नहीं है और आरोपियों से पीड़िता ने बख्श देने की भी गुहार लगाई, लेकिन आरोपियों ने रुपए नहीं देने पर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। जो वायरल हो गया। यह वीडियो परिजनों तक पहुंचा तो उन्होंने पीड़िता से पूछताछ की। तब पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई।

## मप्र में गैर हिंदू का गरबा पंडाल में प्रवेश पर लगा प्रतिबंध

**भोपाल, 30 सितम्बर 2022।** मध्य प्रदेश के बड़े हिस्से में गरबा पंडाल में गैर हिंदुओं की एंट्री को बैन कर दिया गया है, इतना ही नहीं उज्जैन में तो परिचय पत्र देखने के साथ तिलक भी लगाया जा रहा है। इसके अलावा गैर हिंदुओं की प्रवेश को प्रतिबंधित करने वाले पोस्टर भी लगे हैं।



राज्य में नवरात्र पर्व शुरू होने से पहले ही गरबा स्थलों में प्रवेश को लेकर बहस का दौर शुरू हो गया था। राज्य की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने तो गरबा पंडाल में प्रवेश के लिए परिचय पत्र को अनिवार्य किए जाने पर जोर दिया था, साथ ही यहां तक कहा था कि गरबा पंडाल लव जिहाद का जरिया बन गए है। उसके बाद कई स्थानों पर परिचय पत्र देखे जा रहे हैं और हिंदूवादी संगठन सक्रिय भी हैं।

**बीते दिनों पकड़े गए आठ गैर हिंदू युवक-** इंदौर में बीते दिनों में दो स्थानों पर आठ गैर हिंदू युवक पकड़े गए जो गरबा स्थल पर पहुंचे थे। बाद में उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। उन पर आरोप है कि वह लड़कियों और महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस रहे थे और तस्वीरें उतारने में लगे थे।

**परिचय पत्र दिखाने के बाद लगाया जाता है तिलक-** उज्जैन के नानाखेड़ा क्षेत्र में गरबा महोत्सव चल रहा है, यहां आने वालों को परिचय पत्र दिखाने के बाद तिलक लगाया जाता है और उसके बाद ही प्रवेश दिया जाता है। आयोजन स्थल पर सेवा ही संकल्प संस्कृति समिति ने एक पोस्टर लगाया है जिसमें साफ तौर पर लिखा है गैर हिंदू पंडाल में प्रवेश नहीं करें।

बात नर्मदा पुरम की करें तो यहां परिचय पत्र दिखाना तो अनिवार्य है ही साथ में एक ड्रेस कोड भी तय कर दिया है, जिसमें महिलाएं सिर्फ साड़ी, सलवार-सूट पहनकर आ सकती हैं और पुरुष कुर्ता-पजामा में ही गरबा पंडाल में प्रवेश कर सकते हैं।

## खड़गे के समर्थन में उतरे कांग्रेस के 30 नेता!

### इनमें बागी गुट जी 23 के दिग्गज भी, अगल-थलग पड़े थरूर!

**नई दिल्ली, 30 सितम्बर 2022।** आज कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन है। दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए गए. हालाँकि इससे पहले चुनावी तस्वीर लगभग साफ हो गई।

मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए पर्चा भरा. इन दोनों नेताओं के अलावा झारखंड के कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी ने भी नामांकन दाखिल किया. इससे पहले दिग्विजय सिंह ने ऐलान कर दिया कि वे अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे।



दिग्विजय सिंह ने ये ऐलान अध्यक्ष पद की रेस में मल्लिकार्जुन खड़गे के शामिल होने के बाद किया. अब कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में मुकाबला मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद शशि थरूर और केएन त्रिपाठी के बीच रह गया है. नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 8 अक्टूबर है. इधर, कांग्रेस के कुल 30 नेताओं ने कांग्रेस के अध्यक्ष के चुनाव के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का प्रस्ताव रखा है।

## त्यौहार के पहले प्लेटफार्म टिकट हुआ महंगा

**नई दिल्ली, 30 सितम्बर 2022।** दशहरा और दिवाली सहित छट पूजा के अवसर पर छुट्टी लेकर अपने घर जाने की तैयारी में जुटे परिजनों को रेलवे स्टेशन ड्रॉप या पिक करने रेलवे स्टेशन पर जाने वालों को बड़ा झटका लगेगा। दरअसल, दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने प्लेटफॉर्म टिकट के किराये में जबरदस्त बढ़ोतरी की है ।

साउदर्न रेलवे की चेन्नई डिवीजन की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि आगामी फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए भीड़भाड़ से बचने के लिए प्लेटफॉर्म टिकट की कीमत 10 रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये कर दी गई है ।




**1 फरवरी से पुरानी दर पर ही मिलेगा टिकट**

दक्षिण रेलवे की तरफ से दी गई जानकारी में यह भी बताया गया कि नई कीमत 1 अक्टूबर 2022 से लागू होकर 31 जनवरी 2023 तक प्रभावी रहेंगी । यानी 31 जनवरी तक त्योहारी सीजन पूरा होने के बाद 1 फरवरी से प्लेटफॉर्म टिकट पुरानी दर 10 रुपये पर ही मिलेगा । दरअसल, रेलवे की मंशा इन दिनों में प्लेटफॉर्म पर कम से कम लोगों को भेजने की है ।

**इन आठ स्टेशनों पर लागू होंगी नई दरें**

दक्षिण रेलवे की तरफ से प्लेटफॉर्म टिकट में की गई बढ़ोतरी चेन्नई मंडल के आठ प्रमुख स्टेशनों पर लागू होगी । इन स्टेशनों में चेन्नई सेंट्रल, चेन्नई एगमोर, तांबरम, काटपाड़ी, चैंगलपट्टू, अरक्कोनम, तिरुवल्लूर और अवाडी शामिल हैं । दूसरी तरफ आज प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद से मुंबई के बीच चलने वाली देश की तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस को अहमदाबाद से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे ।

## दिल्ली के अस्पताल में चली गोलियां,एक घायल

**नई दिल्ली , 30 सितम्बर 2022।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया इलाके में होली फैमिली अस्पताल के अंदर गुरुवार रात हुई फायरिंग की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, छात्रों के दो गुट होली फैमिली अस्पताल पहुंचे, जहां उनका आपस में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर एक गुट ने दूसरे पर गोलियां चला दीं, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस को बुलाया गया। अस्पताल परिसर के अंदर स्थिति अब सामान्य बताई जा रही है। अस्पताल में पुलिस की टीमें तैनात कर दी गई हैं। वे अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं।



# संपादकीय

## तीसरा चुनाव आयुक्त है ही नहीं!

चुनाव आयोग के सामने बहुत बड़ा मामला लंबित है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उसे शिव सेना के बारे में फैसला करना है। दो राज्यों के चुनाव अगले दो महीने में होने वाले हैं। गुजरात के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल ने तो अपने यहां के चुनाव का शिड्यूल भी जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि नंवबर के अंत तक चुनाव प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। बहरहाल, दो राज्यों के चुनाव हैं और शिव सेना के मामले में चुनाव आयोग को अहम फैसला करना है और आयोग में तीसरे चुनाव आयुक्त का पद खाली है। अभी मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा एक चुनाव आयुक्त हैं। तीसरे चुनाव आयुक्त का पद चार महीने से खाली है। इस साल मई में सुशील चंद्र रिटायर हुई। उसके बाद से नई नियुक्ति नहीं हुई है।

चुनाव आयुक्त का पद संवैधानिक होता है और आमतौर पर खाली नहीं रहता है। आखरी बार 2015 में दिल्ली विधानसभा के चुनाव के समय तीसरे आयुक्त का पद खाली था। तब भी दो ही सदस्यों के साथ आयोग काम कर रहा था। सात साल बाद फिर ऐसी स्थिति है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अलावा दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय हैं और तीसरा पद खाली है। जब तक कोई विषय नहीं आता है, तब तक कोई बात नहीं है। लेकिन मुश्किल तब आएगी, जब किसी मसले पर गतिरोध हो जाए। शिव सेना के मामले में फैसला करते हुए दोनों आयुक्त की राय बंट जाए तब क्या होगा? या दो राज्यों के चुनाव के मामले में भी अगर गतिरोध बने यानी टाई हो तो टाई ब्रेकर कौन होगा? इस चक्कर में फैसला टल रह सकता है। इसलिए जितनी जल्दी हो सरकार को तीसरा चुनाव आयुक्त नियुक्त करना चाहिए।

# बहुत ही अहम् है बड़े बुज़ुर्गों का आशीर्वाद



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

**आओ वृद्धावस्था को सुखी बनाए-बड़े बुज़ुर्ग हमारे घर की नींव होते हैं**
**बड़े बुज़ुर्गों के अनुभव और सीख से हम जीवन में आई विपत्तियों से पार पाने में सक्षम होते हैं**

अंतरराष्ट्रीय स्तरपर हम मनीषियों को को यह समझने की जरूरत है कि वरिष्ठ नागरिक, वृद्धजन, बड़े बुज़ुर्ग हमारे समाज की अनमोल विरासत होते हैं, उन्होंने अपने समाज और देश को बहुत कुछ दिया है। वह हमारी धरोहर हैं, अनुभवों का एक ख़जाना है, जो किसी भी देश की उन्नति के लिए मूल्यवान मंत्र है जिसका सही दिशा में उपयोग किया जाए तो उस देश को सामाजिक-आर्थिक नैतिक संपन्नता से नवाज़ने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि उनके अनुभवों के साथ उनका आशीर्वाद भी काम करता है जिसमें स्वयं ईश्वर अल्लाह भी हस्तक्षेप नहीं कर सकते इतनी ताकत होती है आशीर्वाद या दुआ में!! इसलिए हमें चाहिए कि बड़े बुज़ुर्गों के अनुभवों और सीख़ से हम जीवन में आई विपत्तियों से पार पाने में सक्षम हों। चूंकि 1 अक्टूबर 2022 को हम अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मना रहे हैं इसलिए इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे आओ वृद्धावस्था को सुखी बनाएं-उनका आशीर्वाद लें।

साथियों बात अगर हम बड़े बुज़ुर्ग वृद्धजनों के सम्मान की करें तो, बचपन से ही हमें घर में शिक्षा दी जाती है कि हमें अपने से बड़ो का सम्मान करना चाहिए। वरिष्ठजन हमारे घर की नींव होते हैं। बुज़ुर्गों का आशीर्वाद बहुत भाग्य वालों को मिलता है इसलिए सभी को अपने से बड़ों और वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। लेकिन आज के समय में ये कहना अनुचित नहीं होगाकि अबये मात्र औपचारिकता रह गई है। लेकिन हर व्यक्ति को वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान और आदर की भावना रखनी चाहिए। प्रति वर्ष 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में बड़े लोगों को ईश्वर अल्लाह के तुल्य और उनके आशीर्वाद को किसी भी काम में सबसे बड़ा सहायक माना जाता है, इसलिए हमारे देश में सभी अपने से बड़ों का सम्मान और आदर करते हैं। फिलहाल अब हालात काफी बदल गए हैं। कई मामलों में वृद्धजनों को अपनी संतानों द्वारा मुश्किलें और दिक्क़तें झेलते देखा गया है, ऐसे में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के जरिए बुज़ुर्गों को सम्मान दिलाए जाने के लिए जागरुकता अभियान चलाए जाते हैं।

साथियों बात अगर हम वृद्धजनों की अवहेलना की करें तो,एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है, यानें वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है। यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है, जिसे आज की तथाकथित युवा तथा उच्च शिक्षा प्राप्त पीढ़ी बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में छोड़ देती है। वह लोग भूल जाते हैं कि अनुभव का कोई दूसरा विकल्प दुनिया में है ही नहीं। अनुभव के सहारे ही दुनिया भर में बुज़ुर्ग लोगों ने अपनी अलग दुनिया बना रखी है। जिस घर को बनाने में एक इंसान अपनी पूरी जिंदगी लगा देता है, वृद्ध होने




के बाद उसे उसी घर में एक तुच्छ वस्तु समझ लिया जाता है। बड़े बूढ़ों के साथ यह व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गए हैं। बुज़ुर्गों के साथ होने वाले अन्याय के पीछे एक मुख्य वजह सामाजिक प्रतिष्ठा मानी जाती है। सब जानते हैं कि आज हर इंसान समाज में खुद को बड़ा दिखाना चाहता है और दिखावे की आड़ में बुज़ुर्ग लोग उसे अपनी सुंदरता पर एक काला दाग़ दिखते हैं। बड़े घरों और अमीर लोगों की पार्टी में हाथ में छड़ी लिए और किसी के सहारे चलने वाले बुढ़ों को अधिक नहीं देखा जाता, क्योंकि वह इन बूढ़े लोगों को अपनी आलीशान पार्टी में शामिल करना तथाकथित शान के ख़िलाफ़ समझते हैं। यही रुढ़िवादी सोच उच्च वर्ग से मध्यम वर्ग की तरफ चली आती है। आज के समाज में मध्यम वर्ग में भी वृद्धों के प्रति स्नेह की भावना कम हो गई है।

साथियों बात अगर हम भारत में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भरण पोषण और कल्याण (संशोधन) विधेयक 2019 की करें तो यह 11 दिसंबर 2019 को लोकसभा में पेश किया गया था, सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थाई समिति की रिपोर्ट 29 जनवरी 2021 को लोकसभा में प्रस्तुत की गई थी अभी मानसून सत्र में शेड्यूल किया गया था। इसमें वृद्धजनों का जीवनसुरक्षित करने संबंधी अनेक प्रकार के प्रावधान हैं जिसमें बच्चों की परिभाषा में बदलाव, नाबालिक बच्चों का शामिल करना, माता पिता की परिभाषा में सांस सुर, दादा दादी, नाना नानी को शामिल करना, भरण पोषण में स्वास्थ्य देखभाल बचाव और सुरक्षा को शामिल करना है ताकि गरिमापूर्ण जीवन जी सकें इत्यादि अनेक सुधार इस संशोधन के माध्यम से किए गए हैं।

साथियों बात अगर हम बुज़ुर्ग अवस्था के पड़ाव की करें तो,बबुज़ुर्गावस्था हर इंसान के जीवन का एक पड़ाव है। इस समय में व्यक्ति को प्यार सम्मान और अपनेपन की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। जिन लोगों पर बुज़ुर्गों का साया होता है वे लोग बहुत भाग्यशाली होते हैं। बुज़ुर्ग ही हमें जीवन जीने का सही मार्ग सिखाते हैं। उनके अनुभव और सीख से जीवन में हम किसी भी कठिनाई को पार करने में सक्षम होते हैं। इसलिए हमें कभी भी उनके प्रति उपेक्षा का भाव नहीं रखना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस को पूरी तरह से बुज़ुर्गों के लिए समर्पित किया जाता है। इस दिन उनके सम्मान में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वृद्धाश्रमों में बुज़ुर्गों का खुशी का ध्यान रखते हुए कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। इस दिन बुजुर्गोंको होने वाली समस्याओं और उनकी सेहत के विषय में गंभीरता पूर्वक विचार किया जाता है।

साथियों बात अगर हम हमारे शास्त्रों में बुज़ुर्गों के सम्मान की करें तो, यजुर्वेद का उल्लेख, हमारे शास्त्रों में भी बुज़ुर्गों का सम्मान करने की राह दिखलायी गई है। यजुर्वेद का निम्न मंत्र संतान को अपने माता-पिता की सेवा और उनका सम्मान करने की शिक्षा देता है-

यदापि पोष मातरं पुत्र॰ प्रभुदितो धयान।
इतदगे अनृणो भवाम्यहतौ पितरौ ममां॥

अर्थात् जिन माता-पिता ने अपने अथक प्रयत्नों से पाल पोसकर मुझे बड़ा किया है, अब मेरे बड़े होने पर जब वे अशक्त हो गये हैं तो वे %जनक-जननी% किसी प्रकार से भी पीड़ित न हों, इस हेतु मैं उसी की सेवा सत्कार से उन्हें संतुष्ट कर अपा आनृश्य (ऋण के भार से मुक्ति) कर रहा हूँ।

साथियों बात अगर हम वृद्धजन दिवस के इतिहास की करें तो, सन् 1990 में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी। बुज़ुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यव्हार और अन्याय पर रोकथाम के लिए यह दिवस मनाने का निर्णय किया गया था।14 दिसंबर सन् 1990 में 1 अक्टूबर के दिन हर वर्ष अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस या अंतर्राष्ट्रीय बुज़ुर्ग दिवस मनाने का फैसला किया गया। 1 अक्टूबर सन 1991 में पहली बार अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस दिवस की शुरुआत के बाद सन् 1999 को बुज़ुर्ग वर्ष के रुप में मनाया गया।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर 2022 पर विशेष है। बड़े बुज़ुर्गों का आशीर्वाद, आओ वृद्धावस्था को सुखी बनाए। बड़े बुज़ुर्ग हमारे घर की नींव होते हैं बड़े बुज़ुर्गों के अनुभव और सीख़ से हम जीवन में आई विपत्तियों से पार पाने में सक्षम होते हैं

## भाप बन उड़ जानी हैं



**गरिमा राकेश गौत्तम गर्विता**
कोटा राजस्थान

वक्त कैसा भी हो
ठहरता नही,
बहता रहता हैं
टिकता नही।
वक्त की धार में
राजा रंक सभी
बहते हैं।
कुछ मंजिल का समुद्र पाते हैं।
कुछ खो जाते हैं।
वक्त मौसम की तरह बदलता हैं
पतझड़ सा कभी,कभी बसंत
बनता हैं।
भादों सा डराता कभी
कभी सावन सी
ठंडक देता हैं।
ये वक्त ही हैं जो
जीवन में बिजलियाँ
गिराता हैं।
बहते चलों वक्त धार में
क्योंकि जीवन पानी हैं।
बूँद बन गिरना है और
भाप बन उड़ जानी हैं।

## अंतर्मन



**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

मतलब के हैं रिश्ते सारे,
कैसी यह दुनियादारी।
अंतर्मन हो जाता आहत,
देख अनोखी यह यारी।
क्यों छल करके सब हैं जीते,
दर्द नया देते रहते।
आँखों में आकर ये आँसू,
बनकर सरिता हैं बहते।
प्रेम दिया था जिसको हमने,
घाव दिया उसने भारी।
अंतर्मन हो जाता आहत,
देख अनोखी यही यारी।।
मीत नहीं मन का मिल पाता,
घुट-घुट कर मन जीते हैं।
विरह गरल सम लगने लगता,
मौन अधर विष पीते हैं।
प्रीति मीत बिन सूना आँगन,
रातें सारी अँधियारी।
अंतर मन हो जाता आहत,
देख अनोखी यह यारी।।
काश मिले वह मन का प्रीतम,
जिस को पाकर मन महके।
कंचन बन जाए यह काया,
उसके दामन में रहके।
कृष्ण सरीखा हो जो साथी ,
कर दूँ जीवन मैं वारी।
अंतर्मन आहत हो जाता,
देख अनोखी यह यारी।।

## समझ नहीं आता वक्त कैसा आ गया है



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी छत्तीसगढ़

समझ नहीं आता
वक्त कैसा आ गया है
खूब लगाये डंका,
जैसे लगे हो परमार्थ मे
जन गण का हर मन
अब डूबे है स्वार्थ मे
जेहन मे सबके
ये कैसा नशा छा गया है
समझ नहीं आता
वक्त कैसा आ गया है
चुप्पी साधे है सुधीजन,
छिन्न होता मन
करे भी तो क्या
बेबस है यहाँ जन-जन
सीधे-साधे पेड़ो पर
अमरबेल छा गया है
समझ नहीं आता
वक्त कैसा आ गया है
कँहा है अब परपीड़ा
उपकार की बातें
भूल चुके है लोग
सारे संस्कार की बातें
आधुनिकता का कैसा
शुरूर छा गया है
समझ नहीं आता
वक्त कैसा आ गया है
इंसानियत का हो रहा
निरन्तर दमन है
मानवता को खो रहा
निरन्तर चमन है
हैवानियत का कैसा
समय आ गया है
समझ नहीं आता
वक्त कैसा आ गया है
नित बिगड़ रही तस्वीर
अब समाज का
समय आ गया है
नित नव आगाज़ का
अब केवल सुधार
का समय आ गया है
अब केवल सुधार का
समय आ गया है

# शिक्षा क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
हरियाणा

जिस तरह कोई भी देश अपनी जरूरत की सारी चीजें पैदा नहीं करता, कुछ चीजें वह भेजता है और कुछ चीजें वह मंगवाता है! इसी तरह कुछ देशों के लोग अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ने के लिए भेजते हैं और कुछ विदेशी अपने बच्चों को हमारे यहां पढ़ने के लिए भेजते हैं! पहले अमीर मां-बाप के बच्चों का विदेशों में पढ़ने के लिए जाना प्रतिष्ठा , सम्मान तथा समाज में उच्च स्थान का द्योतक माना जाता था! आजकल भी भारत से हर साल लाखों विद्यार्थी अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं! एक अनुमान के अनुसार 2022 में 82 हजार विद्यार्थी केवल अमेरिका में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए गए! इस साल 12 लाख विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए गए! एक अनुमान के अनुसार 2024 तक विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए पढ़ने वालों की संख्या 18 लाख तक पहुंचने की आशा है! जब कभी भी भारत के विद्यार्थी विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना चाहते हैं तब वह यह सोचकर जाते हैं कि जीवन की गुणवत्ता, पढ़ाई करने तथा रहने का खर्च, शिक्षा का स्तर, और उस शिक्षा संस्थान से पढ़ कर गए विद्यार्थियों का उसके बारे में क्या विचार है! आजकल एक देश से दूसरे देश में विद्यार्थियों का पढ़ने के लिए जाना और आना एक आम बात हो गई है! लेकिन भारत के लिए चिंता की बात यह है कि जितने विद्यार्थी भारत से विदेशों में जाते हैं और उनके कारण जितना देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ता है उस, के मुकाबले में विदेशों से भारत में पढ़ने के लिए आने वाले विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम है जिसकी वजह से हम उनके कारण बहुत कम विदेशी मुद्रा अर्जित कर पाते हैं! एक अनुमान के अनुसार 2021 में केवल 23439 विदेशी विद्यार्थी भारत में पढ़ने के लिए आए जबकि यहां से विदेशों में जाने वालों की संख्या 12 लाख के आसपास थी! भारत में आईआईटी, आई आई एम तथा इंडियन इंस्टिट्यूट आफ साइंस को छोड़कर कोई ऐसी संस्था नहीं है जिस से आकर्षित होकर विदेशी विद्यार्थी भारत में पढ़ने के लिए आएं! हमें इस बात का पता करना चाहिए कि भारत के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए क्यों जाते हैं और विदेशी विद्यार्थी भारत में पढ़ने के लिए क्यों नहीं आना चाहते? एक बात तो पक्की है कि भारत में शिक्षा का स्तर तथा गुणवत्ता इतनी श्रेष्ठ नहीं है जितना कि विदेशों में है! जिस तरह से भारत में बहुत सारे विद्यार्थी एमबीबीएस करके डॉक्टर बनना चाहते हैं! परंतु क्योंकि उन सबको दाखिला नहीं मिलता, इसलिए कुछ विद्यार्थी तो अपनी लाइन बदल लेते हैं और कुछ लोग एमबीबीएस करने के लिए रूस, चीन या यूक्रेन चले जाते हैं जहां पर आसानी से दाखिला भी मिल जाता है और पढ़ाई का खर्च भी बहुत कम है! बेशक यूजीसी ने विदेशी विद्यार्थियों को दाखिला देने के लिए 25त्न सीटें बढ़ाने के लिए सरकार से अनुमति मांगी है इसके बावजूद भी भारत में दाखिला इतना आसान नहीं! दाखिले की प्रक्रिया काफी कठिन है! शिक्षा का स्तर तथा गुणवत्ता अनुकरणीय नहीं है! भारत की पढ़ाई बहुत महंगी है, सुविधाएं बहुत कम है, शिक्षक अनुभवी तथा योग्य नहीं है! बहुत सारे विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए इसलिए जाना चाहते हैं ताकि विदेशों में नौकरी करके वहीं बस सकें! भारत में पढ़ने के लिए आसपास के नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, तथा अरब देशों के विद्यार्थी आते हैं क्योंकि इनके इसमें शिक्षा का स्तर तथा खर्च उनके अनुकूल नहीं! 2016 में सरकार ने विदेशी विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए... स्टडी इन इंडिया.. नाम से नीति बनाई थी! लेकिन इसके कोई अनुकूल परिणाम नहीं निकले! अगर हमने भारतीय विद्यार्थियों के विदेशों में भारी संख्या में जाने और विदेशों से बहुत कम संख्या में आने की समस्या को विदेशी विनिमय की समस्या को लेकर हल करना है तो उसके लिए सबसे पहले हमें अपनी शिक्षा की गुणवत्ता को इन देशों के बराबर करना होगा जहां हमारे विद्यार्थी पढ़ने के लिए जाते हैं, पढ़ाई के खर्चे को कम करना होगा, दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की शर्तों को नरम करना होगा, पढ़ाई की सुविधाएं तथा योग्य और अनुभवी शिक्षक उपलब्ध कराने होंगे, जहां-जहां भी विद्यार्थी दाखिला लेते हैं वहां वहां सीटों में उसी अनुसार वृद्धि करनी चाहिए! तभी जाकर यह समस्या हल होगी! प्राचीन समय में विदेशों से हमारे यहां नालंदा और टेक्स्ला यूनिवर्सिटी में विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते थे! हमें अपनी आज की शिक्षा प्रणाली तथा शिक्षा संस्थान को उसी तरह बनाना होगा!

# डिजीटलाईजेशन का जमाना है

**फिर भी लोग परेशान है**



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर, कर्नाटक

माना आजकल हर काम डिज़ीटल टेक्नोलॉजी से आसान हो गया है पर, क्या इस टेक्नोलॉजी का उपयोग करना सभी को आता है? बिलकुल नहीं पढ़े लिखे आजकल के लोगों को ऑनलाइन व्यवहार आसान लगता है। पर ऐसे कितने सारे बड़े-बुढ़े सीनियर सिटीजन है जिनको ऑनलाइन व्यवहार का ज्ञान नहीं होता। हर छोटे बड़े काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है।

आज आधार कार्ड ऑफ़िस जाना हुआ, आधार कार्ड में थोड़ा सुधार करने हेतु। वहाँ गये तो पहले सरकारी कर्मचारी ने बोला ऑनलाइन अपोइंटमेन्ट लेकर आईये उसके बाद ही आपका काम होगा। हमने ऑनलाइन अपोइंटमेन्ट लेने के लिए एप खोली, पर सर्वर डाउन की वजह से अपोइंटमेन्ट लिंक खुल ही नहीं रहा था। बड़ी मुश्किल से ऑनलाइन अपोइंटमेन्ट मिली। दूसरे दिन हम वो अपोइंटमेन्ट लेकर वापस आधार कार्ड ऑफ़िस गये। मोबाइल में अपोइंटमेन्ट भी दीखाई, तब हमें कर्मचारी द्वारा बोला गया इसकी प्रिंट आउट बनवाकर ले आईये उसके बाद काम होगा। हम वापस ड्डद्गह्म्×  वाले को ढूंढते प्रिंट निकलवाने गये। वापस सर्वर डाउन की प्रोब्लम। मुश्किल से बारकोड वाली प्रिंट निकली उसे लेकर गए तब जाकर काम हुआ। सवाल ये है की जो काम हम पर छोड़ा गया कि ये ले आओ, वो करवा कर आओ वही काम कुर्सी पर बैठा कर्मचारी भी कर सकता तो सामान्य काम इतना कठिन नहीं होता। साथ ही वहाँ विधवा पेंशन धारक 65 साल की महिलाएँ अपने कुछ प्रोब्लम लेकर आई थी, जो मेरे पास रोने लगी। कुछ डॉक्यूमेंटस के लिए सरकारी कर्मचारी उनको परेशान कर रहे थे। न कोई ठीक से जवाब दे रहे थे, न उनकी समस्या सुन रहे थे। आख़िर सरकारी कर्मचारी होते किस लिए है? लोगों के काम करने के लिए ही न। इतनी अनपढ़ और उम्र दराज महिलाएँ ऑनलाइन व्यवहार से अन्जान कहाँ जाए? कोई हेल्प सेंटर नहीं जो उनकी मदद कर दें। एक-एक चीज़ के लिए विधवा महिलाएँ अपने ही हक के लिए भटक रही थी। ऐसी महिलाएँ कर्मचारी पर मोहताज होती है, पर उनकी कोई सुनने वाला नहीं होता। कुर्सी पर बैठे कर्मचारी 5000 के फ़िक्स पगार वाले होते है जो अपने आप को सूबेदार समझते निम्न स्तरीय भाषा में बात करते लोगों को परेशान करते है। कुछ एक महिलाओं को तो कौन से काउंटर पर कागज़ात जमा करवाने है, कहाँ से फोर्म लेना है और फोर्म मैं मैटर भरना भी नहीं आता उपर से ऑनलाइन व्यवहार।


## नाम ले ले के तेरा



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

और कितना तेरी आमद का इंतजार करें
दिल ए बेज़ार को कब तक यूंहीं बेदार करें
करवटों में गुजर गई न  जाने कितनी शब
कब तलक ख्वाबों खयालों में यूं दीदार करें
पास आओ के धड़कनों की सदाएं सुन लो
नाम ले ले के तेरा कितना बेकरार करें
आ जरा सामने तस्वीर से निकल के अब
हाल -ए-दिल इश्क का  इजहार करें
बाहों में आ सिमट के हमसे क्या पर्दादारी
कुबूल दिल की हसरतों को बार-बार करें

## मेरी आँखों में



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

वस्ल की वो रात मेरी आँखों में है
पहली मुलाक़ात मेरी आँखों में है
जिस घड़ी मुझको ब्याह था तूने
वो तारों की बरात मेरी आँखों में है
तेरे साथ बुनती हूँ मैं ख़्वाब जिसके
वो ख़्वाब सी हयात मेरी आँखों में है
थाम तेरा हाथ साथ भीगे थे जिसमें
बिन मौसम बरसात मेरी आँखों में है
बात तो ÷गीत÷ में भी बहुत है मगर
तेरी हर इक बात मेरी आँखों में है

## पत्थर



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल मध्यप्रदेश

कब तलक भटके के अब घर जरूरी है।
कैसे जीये तँन्हा के हमसफ़र जरूरी है।
यूँ तो हम भी तराश सकते है खुदा अपना,
बुत के लिए मगर कोई पत्थर जरूरी है।
वो ताउम्र करते रहे,इश्क की खिलाफ़त,
वो लाख समझे गुनाह है मगर जरूरी है।
कोई न कोई ख्वाब होता है हर एक के पास,
उडने के लिए यूँ  हौसलों  के  पर जरूरी है।
कैसे गुजरेगी ये शाम  तँन्हा तँन्हा, तुम बिन
के दिलजोई को जाम कोई सागर जरूरी है।

# अर्थव्यवस्था की राह कठिन करेगा मोटापा


**2060 तक मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या हर चार में से तीन हो जाएगी। अभी जीडीपी का 2.2 फीसदी नुकसान मोटापे के कारण हो रहा है। इस नुकसान में सबसे ज्यादा वृद्धि उन देशों में होने की आशंका है, जहां संसाधन कम हैं। हर देश के नुकसान के हिसाब से देखा जाए तो चीन, अमेरिका और भारत को मोटापे के कारण सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका है।**



**अमित बैजनाथ गर्ग**
जयपुर, राजस्थान

वजन कंट्रोल न करने के कारण मोटापे से ग्रस्त होने की समस्या आम होती जा रही है। मोटापा कई रोगों की जड़ है। यह संपूर्ण सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। मोटापा शारीरिक और मानसिक रूप से नकारात्मक असर डालता है। वजन बढ़ने के कारण लोग मानसिक रूप से परेशान रहते हैं और इसे काबू में रखने के लिए कई तरह के घरेलू नुस्खे आजमाते हैं। कुछ लोग डाइटिंग पर चले जाते हैं, घंटों वर्कआउट करते हैं। शरीर को शेप में रखने के लिए ये बेहद जरूरी भी है। यदि समय रहते बढ़ते वजन और मोटापे को कंट्रोल में नहीं करेंगे तो कई तरह की बीमारियां होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

मोटापे के कारण डायबिटीज की समस्या हो सकती है। शरीर में ब्लड ग्लूकोज का नॉर्मल मोटापे के कारण बढ़ जाता है, जिससे टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा रहता है। ओबेसिटी फैटी एसिड में वृद्धि का कारण बनता है, जो इंसुलिन प्रतिरोध को ट्रिगर करता है। ऐसे में मोटापे को काबू में न रखा जाए तो डायबिटीज हो सकती है। डायबिटीज से बचने के लिए शारीरिक रूप से एक्टिव रहना जरूरी है। एक ताजा अध्ययन बताता है कि दुनिया मोटापे की भारी आर्थिक कीमत चुका रही है। इसका सबसे ज्यादा असर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है। अध्ययन में बताया गया है कि 2060 तक मोटापा जीडीपी का 3.3 फीसदी नुकसान कर देगा।



यह अध्ययन मोटापे का हर देश पर पड़ने वाले असर का विश्लेषण करता है। मोटापा अपने आप में तो एक बीमारी है ही, यह कैंसर, डायबिटीज और हृदय रोगों की भी सबसे बड़ी वजहों में से एक है। शोधकर्ताओं ने यह भी बताया है कि किस देश में कितने लोग अनुमानित तौर पर मोटापे के शिकार हैं। बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के आधार पर मोटापे का आकलन किया जाता है। बीएमआई 25 से ज्यादा होने पर ओवरवेट और 30 से ज्यादा होने पर मोटापा माना जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि वैश्विक स्तर पर लगभग दो तिहाई लोग मोटापे या अधिक वजन से पीड़ित हैं। अनुमान है कि 2060 तक ऐसे लोगों की संख्या हर चार में से तीन हो जाएगी। अभी जीडीपी का 2.2 फीसदी नुकसान मोटापे के कारण हो रहा है। इस नुकसान में सबसे ज्यादा वृद्धि उन देशों में होने की आशंका है, जहां संसाधन कम हैं।

हर देश के नुकसान के हिसाब से देखा जाए तो चीन, अमेरिका और भारत को मोटापे के कारण सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। चीन को 100 खरब डॉलर, अमेरिका को 25 खरब डॉलर और भारत को 850 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। अर्थव्यवस्था के आकार के अनुपात में देखा जाए तो सबसे बुरा असर यूनाइटेड अरब अमीरात पर हो सकता है, जहां जीडीपी का 11 फीसदी मोटापे की भेंट चढ़ जाएगा। दूसरा नंबर त्रिनिदाद (10.5) का है। शोध ने मोटापे की सीधी कीमत का भी विश्लेषण किया है, जिसमें चिकित्सा खर्च आदि शामिल है। इसके अलावा अपरोक्ष नुकसान की भी गणना की गई है, जो असामयिक मौतों के कारण होने वाले उत्पादकता में नुकसान के रूप में गिना जाता है। यह पहली बार है, जबकि उत्पादकता में नुकसान की गणना की गई है। शोधकर्ताओं ने बताया कि जो नुकसान नजर नहीं आता, वह विकास की रफ्तार को धीमा करता है। अगर यह नुकसान न होता तो हम और ज्यादा तेजी से विकसित हो रहे होते और लोगों की जिंदगियों में बदलाव तेजी से हो रहा होता।

वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि जब वजन अधिक होता है तो रात में नींद भी अच्छी नहीं आती है। आंत में चर्बी जमा होने के कारण रक्त वाहिकाएं सामान्य रूप से ब्लड सप्लाई करने में सक्षम नहीं होती हैं, जिससे नींद के दौरान सांस लेने में समस्या महसूस होती है। जब पर्याप्त और गहरी नींद नहीं ले पाते हैं तो स्लीप एप्निया की समस्या शुरू हो सकती है। जिन लोगों का वजन अधिक होता है या जो मोटापे के शिकार होते हैं, उनमें आइसेमिक स्ट्रोक होने का खतरा अधिक रहता है। ऐसी स्थिति तब आती है, जब मस्तिष्क में पर्याप्त मात्रा में ब्लड सप्लाई नहीं हो पाती। ऐसा ब्लड सेल्स में ब्लॉकेज होने या इसके फटने के कारण ब्लड सप्लाई बाधित हो जाता है। मोटापे के कारण ब्लड सेल्स का कार्य प्रभावित होता है, जिससे रक्त की आपूर्ति बाधित होती है और मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति को ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

आबादी और आर्थिक विकास मोटापे के बढ़ने के मुख्य कारण बन गए हैं और जैसे-जैसे देशों की आय बढ़ रही है, उनके खान-पान में बदलाव आ रहा है। अमीर देशों में आबादी बूढ़ी होती जा रही है और उनके लिए वजन कम करना मुश्किल होता जा रहा है। मोटापे के खराब परिणामों को टालने के लिए कई तरह के उपाय किए जा सकते हैं। मिसाल के तौर पर जब खाने की चीजों की कीमतें तय की जाएं तो मोटापा बढ़ाने वाली चीजें जैसे कि पेय पदार्थ और अधिक चीनी व वसा वाले खाने महंगे रखे जाएं। इसके अलावा खाने के लेबल की व्यवस्था को बेहतर करना, काउंसलिंग और ड्रग थेरेपी आदि को इलाज के तौर पर प्रयोग किया जा सकता है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# मानसून सीजन के अंतिम दिन रिकॉर्ड तोड़ बारिश

## वर्षा का नया कीर्तिमान स्थापित

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
इस वर्ष अम्बिकापुर नगर में मानसून काल में कुल 1052.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसमें जून में 125.1 मिमी, जुलाई में 164.1 मिमी, अगस्त में 436.2 मिमी तथा सितम्बर में 327.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

अम्बिकापुर नगर की औसत मानसूनी वर्षा मोटे तौर पर 1200 मिमी (1190.1 ङ्क 40 वर्षीय औसत) है। इस वर्ष 1200 मिमी की तुलना में 1052.5 मिमी ही वर्षा हुई, अर्थात नगर की वर्षा औसत से कम रही। इसमें 147.5 मिमी 12.3 प्रतिशत की कमी रही।

चुकि किसी क्षेत्र में औसत वर्षा से 19 प्रतिशत कम या अधिक तक की वर्षा सामान्य मानी जाती है। इस लिहाज से अम्बिकापुर नगर की वर्षा इस वर्ष सामान्य मानी जायेगी।

मानसून सीजन के अंतिम 24 घण्टों में रिकार्ड वर्षा ङ्क



पिछले 52 वर्षों में सितम्बर के अंतिम दिन अर्थात मानसून सीजन के अंतिम दिन सर्वाधिक वर्षा का रिकार्ड 30 सितम्बर 2012 को 34.3 मिमी के रूप में दर्ज था जो गुरुवार की वर्षा में पीछे रह गया। शुक्रवार प्रातः 08.30 बजे तक मानसून सीजन के अंतिम दिन की दर्ज वर्षा 37.6 मिमी ने मानसून के अंतिम दिवस की वर्षा का नया कीर्तिमान स्थापित कर लिया है।

वर्षा दिवस

किसी क्षेत्र का वर्षा दिवस उस दिन को कहा जाता है जिस दिन वहां 24 घण्टों में 2.5 मिमी या अधिक वर्षा होती है। इस दृष्टिकोण से भी इस वर्ष सितम्बर ने कुल 26 दिन की वर्षा में 20 वर्षा दिवस के साथ नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। इसके पहले सितम्बर में सर्वाधिक 18 वर्षा दिवस का कीर्तिमान 1973, 2007 और 2011 के रूप में दर्ज है।

### अगस्त और सितम्बर में हुई वर्षा से दूर की किसानों की परेशानी

इस वर्ष उत्तर छत्तीसगढ़ के जिलों में प्रारम्भिक मानसून का वितरण विषम रहा है। सामान्य मानसून सक्रियता की तिथि से पहले ही मानसून की सक्रियता के बावजूद जून और जुलाई में प्रायः अवर्षा की स्थिति बनी रही। इस अवधि में सरगुजा संभाग में वर्षा मात्रा में 70 प्रतिशत से भी अधिक की कमी रही थी जिससे सूखे का संकट व्याप्त हो चुका था। प्राम्भिक मानसून की तरंगें उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर न मुड़ कर लगातार दक्षिण की ओर ही गतिमान रहीं। जुलाई अंत और अगस्त के प्रारम्भ से खाड़ी के उत्तर पश्चिम में उत्पन्न चक्रवाती ताकतवर घेरों से मानसून द्रोणी अपने सामान्य अवस्था की ओर बढ़ीं जिससे उत्तर छत्तीसगढ़ में वर्षा की अनुकूल स्थितियां निर्मित हुई। अगस्त और सितम्बर में हुई व्यापक वर्षा से किसानों एवं आमजनों की चिंता में कमी आयी।

# युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के द्वारा पुतला दहन किया गया

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
भारतीय जनता पार्टी के दोगली नीति के खिलाफ आज भारतीय युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के द्वारा पुतला दहन स्थानीय घड़ी चौक में किया गया युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजय सिंह एवं एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव हिमांशु जायसवाल के साथ सकेडो कार्यकर्ताओं के साथ राजीव भवन से निकलकर घड़ी चौक में नारेबाजी कर पुतला दहन कर केंद्र की मोदी सरकार एवं रमन सिंह का पुतला जला कर बताया कि हसदेव अरायण छेत्र में परसा कोल ब्लॉक का आबंटन 2007 में हुआ 2011-2012में पहले चरण का उत्खनन कार्य चालू हुआ जिस वक्त राज्य में रमन सिंह की सरकार थी अगर उन्हे उस वक्त रोका होता तो शायद पेड़ो की कटाई में जो भाजपाई गढ़याली आसू बहा रहे है उन्हे उस वक्त रोकना चाहिए आबंटन के बाद तत्कालीन नेताप्रतिपक्ष अंबिकापुर विधायक टी एस बाबा के द्वारा लगातार विरोध किया गया पर रमन सिंह जी एवं उनके कार्यकर्ताओ इस ओर ध्यान



नहीं दिया आज उन्हे के दिए हुए लीज पर 43 हेक्टेयर के दूसरे चरण की कटाई हो रहीं तो ये भाजपाई सारा अपना दोष राज्य सरकार एवं स्वस्थ मंत्री के ऊपर मढ कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है और स्वस्थ मंत्री जी के निज निवास को घेरने आ गए अगर उन्हे घेरना है तो दिल्ली के खनन मंत्रालय प्रधानमंत्री का निवास घेरना चाहिए की आखिर वो इस आदेश को क्यों नहीं रोका ये साफ दर्शाता है की केंद्र की भाजपा सरकार कैसे अदानी को अपने गोद में बैठा रखा है युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा की भाजपा अपने दोहरीनीति को छुपाने कैसे कैसे नाटक कर रहीं है प्रदेश महासचिव हिमांशु जायसवाल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की चाल चरित्र जनता जानती है और इस मुद्दे को जन जन तक पहुंचने के लिए हम जनता के बीच जायेंगे उन्हे भाजपा की सचाई बताएंगे कार्यक्रम में जे पी श्रीवस्तव , दूतेंद्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, बंटी शर्मा, दुर्गेश गुप्ता,शैली सोनी,आशीष वर्मा,नीतीश चौरसिया,सतीश बारी ,विकल झा,रजनीश सिंह,सुरेंद्र गुप्ता, गौतम गुप्ता, विकी केशरी,आकाश यादव,अभिषेक सोनी,पवन स ा य , अ ं कि त जायसवाल,क्षितिज,मनोज,विनोद,निखल,मिथुन,कृष्णा यादव,सौरभ तिवारी,राजेश,मुनेश्वर, नरेश माझी, संजर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

# पंडाल के दर्शन करने गए व्यक्ति की बाइक पार,आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
दुर्गा पंडाल में दर्शन करने गए एक व्यक्ति की बाइक चोर ने पार कर दी। पीड़ति की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार राजेंद्र गिरी महामाया तालाब के करीब का रहने वाला है। 28 सितंबर को महामाया प्रवेश द्वार के पास स्थापित देवी पंडाल में दर्शन करने स्कूटी से गया था। स्कूटी क्रमांक ष्द 15 स्त्रह- 7601 को पंडाल के पास खड़ा किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। पीड़ति ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की स्कूटी से घूम रहे आरोपी सदर रोड निवासी इरफान अंसारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# दिल से डांडिया कार्यक्रम में शामिल होंगे टीवी सीरियल के सेलिब्रिटी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
इस नवरात्रि पर 3 साल बाद फिर से दिल से डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो की सेलिब्रेशन इवेंट व ऋषि हार्डवेयर द्वारा आयोजित है। इस अवसर पर दिल से इंडिया टीम ने मुंबई से तीन सेलिब्रिटी को भी बुलाया है जिनका नाम है श्वेता महाडिक, राजश्री रानी और गौरव मुकेश जोकि टीवी सीरियल के सेलिब्रिटी है। श्वेता महाडिक ज़ी टीवी के गुड्डन ÷तुमसे ना हो पाएगा÷ सीरियल की किरदार है और राजश्री रानी एवं गौरव मुकेश स्टार प्लस के सीरियल के किरदार हैं। आपको बता दे की राजश्री रानी और गौरव मुकेश टी-वी सीरियल तथा असल लाइफ में भी पति - पत्नी का रोल निभाते हैं। डांडिया के अवसर पर साथ में बॉलीवुड का मलंग बैंड भी आ रहा है और एंकर और डांस डांस ग्रुप भी रहेंगे । यह




कार्यक्रम आयोजन 4 अक्टूबर दिन मंगलवार को होटल ग्रैंड बसंत में किया जा रहा है जिसका समय शाम 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक रहेगा।

इसकी ऑर्गेनाइजर हैं सेलिब्रेशन इवेंट के ऋषभ मंगल ऋषि हार्डवेयर के ऋषिअग्रवाल श्री राम फर्नीचर के राजीव अग्रवाल और न्यू डीपीएस स्कूल के संदीप जयसवाल साथ में टीम के मुख्य किरदार भी हैं धीरज गुप्ता,राधे गोयल और दिव्यांश केशरी ।आप सभी से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में समिलित होकर इसकी सोभा बढ़ाएं।



# होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज के गृह विज्ञान के छात्राओं ने बनाया छत्तीसगढ़ी पौष्टिक व्यंजन

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज के गृह विज्ञान क्लब द्वारा छत्तीसगढ़ी पौष्टिक व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर को पूरे देश में प्रति वर्ष सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया गया। इस दौरान छात्राओं को पोषण के संबंध में जागरूक करने के लिए तरह-तरह के आयोजन किये जा रहे हैं इसी संदर्भ में होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज अंबिकापुर के गृह विज्ञान क्लब द्वारा छत्तीसगढ़ी पौष्टिक व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें महाविद्यालय के सभी विभाग से 32 छात्राओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ छात्राओं ने उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता दिखाई। इस प्रतियोगिता का निर्णय महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ममता अवस्थी, ममता कश्यप, शममता लाकड़ा एवं मिस सोनल सिन्हा के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर सिस्टर सांता जोसफ के निर्देशन में संपन्न किया गया ।





# राष्ट्र सेविका समिति द्वारा विजयादशमी के अवसर पर शोभा यात्रा

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
राष्ट्र सेविका समिति द्वारा विजयादशमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गयी. यह यात्रा अपरान्ह 4.30बजे सरस्वती शिशुमंदिर देवीगंज रोड से प्रारम्भ होकर, संगम चौक, महामाया चौक, गुरुनानक चौक, शिवाजी चौक, जोड़ा पीपल होते हुए पुनः सरस्वती शिशुमंदिर जाकर सम्पन्न हुई.चौक चौराहो मे जगह जगह पुष्पवर्षा से आमजन ने स्वागत किया. शोभा यात्रा का आकर्षण भारतमाता, जीजाबाई, अहिल्याबाई की सुन्दर झांकी रही.यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व समिति की शाखा लगी एवं प्रार्थना हुई. इस शोभयात्रा मे विभाग कार्यवाहिका बबिता सिंह, जिला कार्यवाहिका रेनु सिंह, जिला बौद्धिक प्रमुख अंजुला मिश्रा, विभाग सम्पर्क प्रमुख लक्ष्मी सिंह, सह बौद्धिक प्रमुख आराधना अयंगकर, नगर कार्यवाहिका अपराजिता तिवारी, नगर की पालक प्रेमलता गुप्ता सहित बड़ी संख्या मे समिति की सेविकाये सम्मिलित रही.

## 3 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर किया गया पदोन्नत



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अजय यादव के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय अंबिकापुर में पदोन्नती कार्यक्रम आयोजित कर 3 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत कर जिला बलरामपुर के लिए रवाना किया गया।

पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा सभी सहायक उप निरिक्षकों को अन्यत्र जिला पदस्थापना के दौरान बेहतर पुलिसिंग करने हेतु प्रेरित किया गया एवं विभाग द्वारा मिली नई जिम्मेदारी का निर्वहन करने हेतु शुभकामनाएं दी गई।

पदोन्नत होने वाले सहायक उप निरीक्षक राकेश सिंह, भोला राम एवं दिलबोधन पोर्ते को पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा पदोन्नति प्रदान की गई। पदोन्नति कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक, स्टेनो फबियानुस तुर्की, रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको, रीडर अजीत मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# बाल-बाल बचे रेंजर,भागकर बचाई जान

## 29 हाथियों ने रौंदा 210 हेक्टेयर फसल

-संवाददाता-
**राजपुर , 30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
राजपुर वन परिक्षेत्र में उत्पात मचाने के बाद प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में पहुंचे 29 हाथियों के दल को देखने निगरानी टीम के साथ जंगल में गए थे रेंजर भागते हुए शोर मचाया तो लौट गए हाथी



राजपुर. सरगुजा संभाग में अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हाथियों का उत्पात जारी है। इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र में 29 हाथियों के दल ने गुरुवार को कई किसानों की फसल रौंद डाली। यहां उत्पात मचाने के बाद हाथियों का यह दल प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के खोडरो जंगल में पहुंचा। यहां निगरानी दल के साथ रेंजर भी पहुंचे थे। इसी बीच कुछ हाथी इनके काफी करीब पहुंच गए, इससे वे बाल-बाल बच गए। हाथियों को देख वे शोर मचाते हुए भागे। इस दौरान निगरानी दल के साथ वे वहां से निकल गए।

बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत अलखडीहा सहित आसपास के क्षेत्र में 29 हाथियों के दल ने 36 दिनों में 120 किसानों के धान व मक्के की 210 हेक्टेयर फ़सल को नुक़सान पहुंचाया। फसलें रौंदने के बाद हाथियों का यह दल प्रतापपुर क्षेत्र पहुंचा।

गुरुवार की रात खोडरो जंगल में निगरानी दल के साथ गए रेंजर महाजन लाल साहू हाथियों के हमले में बाल-बाल बच गए। रेंजर ने बताया कि हाथी उनके काफी नजदीक पहुंच चुके थे, इस दौरान उन्होंने भागकर निगरानी दल को आवाज दी। निगरानी दल के पहुंचते ही हाथी दूसरी दिशा में चले गए।

210 हेक्टेयर फसल को पहुंचाया नुकसान

प्रतापपुर क्षेत्र से 29 हाथियों का दल 36 दिन पहले करवां, गोपालपुर, माकड़ जंगल होते हुए राजपुर सर्किल के अलखडीहा के कटाईपारा व आसपास के क्षेत्र में पहुंचा था। यहां 120 किसानों के धान व मक्के की 210 हेक्टेयर फसल को रौंद डाला। शुक्रवार को हाथियों का दल प्रतापपुर क्षेत्र पहुंचा।

### ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की समझाइश

हाथी प्रभावित क्षेत्र के गांवों में बलरामपुर डीएफओ विवेकानंद झा, एसडीओ अशोक तिवारी, रेंजर महाजन लाल साहू, डिप्टी रेंजर आरपी राही पहुंचे थे। उन्होंने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की समझाइश दी थी।

29 हाथियों के दल में 10 शावक, 10 मादा व 9 नर बताया जा रहे हैं। हाथियों से जिन किसानों के फसल को नुकसान पहुंचा है उनका मुआवजा वन विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है।

## बाल कृष्ण पाठक के आपत्तिजनक बयान पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष की तीखी प्रतिक्रिया

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ सरकार के वन औषधि पादप बोर्ड अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक के मंत्री टी. एस. सिहदेव का निवास घेरने वाले भाजपा कार्यकर्ताओ को गोली मार देने वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मधु सुदन शुक्ला ने कहा है कि बाल कृष्ण पाठक का यह बयान घोर आपतिजनक, अशोभनीय तथा लोकतान्त्रिक परम्पराओ के विपरीत है, उनके बयान से ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस के उपर राजे महाराजाओ का शासन अब भी उनके सर चढ़ कर बोल रहा है उन्होंने कहा है कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन देश के हर नागरिक का अधिकार है, लोकतंत्र में जन प्रतिनिधियों के निवास तथा कार्यालय का घेराव करना पुरानी परम्परा रही है परन्तु पाठक तथा कांग्रेस पार्टी को अपना विरोध किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है, वैसे भी आपातकाल के समय विपक्ष के उपर गोली चलवाने का कांग्रेस का पुराना इतिहास रहा है आगे उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ सरकार में केबिनेट मंत्री टी. एस. सिंहदेव ने आम जनता को उदयपुर परसा केते कोल ब्लाक एरिया में एक भी पेड़ न कटने का आश्वासन दिया था और आज 43 हेक्टेयर भूमि में दो तीन दिनों में ही लाखों पेड़ कट गये तब भी टी. एस. सिहदेव मौन रहे ऐसे में भाजपा ने उन्हें अपना वादा याद दिलाने के लिए उनके बंगले का घेराव किया था भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस तथा भूपेश सरकार से यह जानना चाहती है कि छत्तीसगढ़ सरकार में केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त वन औषधि पादप बोर्ड अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक के भाजपा कार्यकर्ताओ को गोली मारने वाले बयान का क्या वे समर्थन करते हैं ? यदि नहीं तो क्या इस अमर्यादित व गैर ज़िम्मेदाराना बयान पर भूपेश सरकार पाठक को उनके पद से बर्खास्त करेगी ?



# पंडाल को दिया गया है केदारनाथ मंदिर का रूप,स्थापित मां दुर्गा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं लोग



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**
जिला मुख्यालय अंबिकापुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी दुर्गा पूजा बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। कोरोना के दो वर्षों बाद भव्य रुप से आयोजन किया जा रहा है। वहीं भठ्ठीरोड केदारपुर में वाई.एम.क्लब द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। पंडाल में मां दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित किए गए हैं। जिन्हे दर्शन के लिए काफी संख्या में भक्त पंडाल में पहुंच रहे हैं।

यहां पीछले 2 वर्ष से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापी की जा रही है। पीछले वर्ष कोरोना काल होने की वजह से विधिवत पूजा अर्चना नहीं की गई थी। इस वर्ष भव्य आयोजन किया जा रहा है। पंडाल को आकर्षक लाइट से विस्तृत रूप से सजाया गया है। पंडांल को केदारनाथ मंदिर का रूप दिया गया है। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना है।

हर रोज समिति द्वारा भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही संध्या आर्ती के पश्चात फैसी ड्रेस,रंगोली व डांडिया प्रतियोगियाता आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभागी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। क्लब के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि वाईएम क्लब का निर्माण लगभग 40 वर्ष पूर्व किया गया था। जिसके बाद से ही क्लब द्वारा कई प्रकार का आयोजन कराया जाता रहा है। वहीं जबलपुर की प्रसिद्ध गायिका नीतू बुंदेल ग्रूप के द्वारा 02 अक्टूबर 2022 को अपना प्रस्तुति देंगी। अभी वर्तमान में लोगों की आस्था को ध्यान ने रखते हुए क्लब द्वारा 2 वर्षो से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन में क्लब के अध्यक्ष किशन सिंह, उपध्यक्ष दिपेश मिश्रा,सचिव अमन सिंह, कोषाध्यक्ष अंकित दुबे एवं समस्त कार्यकर्तागण का योगदान सम्मिलित है।



CMYK

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 2025-26 तक 120 अरब डॉलर होगा:राजीव चंद्रशेखर

**चेन्नई, 30 सितम्बर 2022।** उद्यमशीलता, कौशल विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 तक 120 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा और यह राज्य सरकारों की केंद्र के साथ साझेदारी से ही संभव होगा। चंद्रशेखर ने यहां महिंद्रा वर्ल्ड सिटी में नई एवं अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई पेगाट्रन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने बताया कि देश में अनुमानित 70-75 अरब डॉलर इलेक्ट्रॉनिक्स का विनिर्माण होता है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025-26 तक 300 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।




उन्होंने कहा कि भारत 2014 तक 90 फीसदी मोबाइल आयात करता था और अब वह मोबाइल फोन की अपनी 97 फीसदी जरूरत को खुद ही पूरा कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री ने कहा, ''भारत 2014 तक मोबाइल फोन का निर्यात नहीं करता था। लेकिन अब 50,000 करोड़ रुपये मूल्य के आईफोन, सैमसंग फोन और अन्य फोन का निर्यात कर रहा है। हम 90 फीसदी मोबाइल फोन आयात करते थे और अब 97 फीसदी का उत्पादन घरेलू स्तर पर करते हैं, यह बीते आठ साल की यात्रा है।'' चंद्रशेखर ने इस महज एक शुरुआत बताते हुए कहा कि अभी 16-20 अरब डॉलर के मोबाइल फोन का निर्यात किया जा रहा है और वित्त वर्ष 2025-26 तक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात 120 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

मंत्री ने कहा कि यह राज्य सरकारों की केंद्र सरकार के साथ साझेदारीऔर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुरू की गई योजनाओं की बदौलत संभव होगा। पेगाट्रन टेक्नोलॉजी इंडिया ताइवान की पेगाट्रन कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। इस संयंत्र की निर्माण लागत 1,100 करोड़ रुपये आई है और इसके जरिये क्षेत्र में 14,000 नए रोजगार का सृजन होगा।

# मुद्रा के उतार-चढ़ाव से तय नहीं होता मौद्रिक नीति का रुख : शक्तिकांत दास

**मुंबई, 30 सितम्बर 2022।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि मौद्रिक नीति के फैसले मुद्रा के उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होते। दास ने शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुद्रा का प्रबंधन रिजर्व बैंक के दायरे में है और केंद्रीय बैंक इसके लिए सभी उचित उपाय करेगा। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को आधा प्रतिशत बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। यह इसका तीन साल का उच्चस्तर है। दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक दरों पर रणनीति मुद्रास्फीति और वृद्धि से जुड़े घरेलू कारकों के आधार पर तय करता है।



उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा प्राथमिकता मुद्रास्फीति को दी जाती है। ''हम वृद्धि के पहलू पर भी गौर करते हैं।'' दास ने यह भी कहा कि बैंकों में नकदी को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। व्यापक रूप से प्रणाली में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का कोष उपलब्ध है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने कहा कि रुपये में व्यापार का प्रस्ताव चार से पांच देशों और कई बैंकों से मिला है। हालांकि, उन्होंने इसका अधिक ब्योरा नहीं दिया।

# विनिमय दर में बदलाव का विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट में 67 प्रतिशत योगदान:आरबीआई

**मुंबई, 30 सितम्बर 2022।** चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से विदेशी मुद्रा भंडार में हुई कमी में विनिमय दर में हुए बदलाव का 67 प्रतिशत योगदान है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के बढ़ने से विनिमय दर में बदलाव देखने को मिला। गौरतलब है कि चालू वित्त वर्ष में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में तेज गिरावट हुई है। विदेशी मुद्रा भंडार दो अप्रैल को 606.475 अरब अमेरिकी डॉलर था, जबकि 23 सितंबर को यह घटकर 537.5 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया।



यह लगातार आठवां सप्ताह था, जब विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट हुई। चालू वित्त वर्ष में 28 सितंबर तक छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर में 14.5 प्रतिशत की तेजी आई है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर मुद्रा बाजारों में भारी उथल-पुथल मची हुई है। दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा जारी करते हुए कहा कि ज्यादातर दूसरे देशों की तुलना में भारतीय रुपये की गति व्यवस्थित रही है। उन्होंने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 7.4 प्रतिशत की गिरावट आई, जो कई आरक्षित मुद्राओं के साथ ही अन्य मुद्राओं के मुकाबले काफी बेहतर है। दास ने यह भी कहा कि एक स्थिर विनिमय दर वित्तीय और व्यापक आर्थिक स्थिरता तथा बाजार के विश्वास का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि रुपया एक स्वतंत्र रूप से छोड़ी गई मुद्रा है और इसकी विनिमय दर बाजार द्वारा निर्धारित होती है। उन्होंने कहा, आरबीआई ने (रुपये के लिए) कोई निश्चित विनिमय दर तय नहीं की है। वह अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करता है। दास ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार की पर्याप्तता के पहलू को हमेशा ध्यान में रखा जाता है और यह मजबूत बना हुआ है। उनके अनुसार 23 सितंबर, 2022 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 537.5 अरब डॉलर था।

# कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने को कानून पर काम जारी, शीतकालीन सत्र में आ सकता है विधेयक : गोयल

**नयी दिल्ली, 30 सितम्बर 2022।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कुछ प्रावधानों को अपराध से मुक्त करने को लेकर मंत्रालय एक कानून पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा इस संबंध में संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में एक विधेयक पेश किया जा सकता है।



उन्होंने उद्योग जगत से अनुपालन को कम करने और अनावश्यक धाराओं को अपराध से मुक्त करने पर जल्द अपनी राय या प्रतिक्रिया देने का आग्रह भी किया गया है। गोयल ने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के वार्षिक सत्र-2022 में कहा, ''हमने कारोबार में सुगमता पर ध्यान दिया है। हम अपने व्यवसायों के लिए अनुपालन बोझ को कम करने पर काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''उद्योग के लोग इस संबंध में हमें जल्द अपनी राय दें....क्योंकि शीतकालीन सत्र में हम बोझ और अनुपालन को कम करने के लिए व्यवसायों से संबंधित कानूनों में संशोधन के साथ आने का प्रस्ताव कर रहे हैं।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार पहले ही कई कानूनों को निरस्त कर चुकी है। उन्होंने कहा, ''हम वर्तमान में कई अन्य कानूनों पर काम कर रहे हैं। उद्योग और आंतरिक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विभाग (डीपीआईआईटी) अन्य मंत्रालयों के परामर्श से इसका नेतृत्व कर रहा है।

# अब 1 अक्टूबर 2023 से लागू होगा छह एयरबैग अनिवार्य करने का प्रस्ताव : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली ,30 सितंबर 2022।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जानकारी दी है कि सरकार ने कारों में छह एयरबैग को अनिवार्य करने के प्रस्ताव को एक साल टालकर 1 अक्टूबर, 2023 कर दिया है। वैश्विक सप्लाई चैन में दिक्कतों के कारण 6 एयरबैग के निर्देश को स्थगित किया गया है।



उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के सामने मौजूद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संकट और माइक्रो इकोनॉमिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है कि सभी यात्री कारों एम-1 श्रेणी की कारों पर कम से कम 6 एयरबैग अनिवार्य करने का प्रस्ताव एक अक्तूबर 2023 से लागू किया जाएगा। गडकरी ने एक के बाद एक कई ट्वीट कर कहा कि सभी कीमतों और सभी प्रकार के मोटर वाहनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए अगले साल 1 अक्टूबर से एम-1 श्रेणी की यात्री कारों में छह एयर बैग लगाने जरूरी कर दिए जाएंगे।

गडकरी का कहना है कि इससे पहले, पीछे से लगने वाली टक्कर की सूरत में मोटर वाहन यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियमों 1989 में संशोधन कर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने का फैसला किया गया। इस संबंध में गत 14 जनवरी को मसौदा अधिसूचना जारी की गई थी जिसमें आगामी एक अक्तूबर के बाद निर्मित सभी एम-1 श्रेणी के वाहनों के भीतर दोनों तरफ और दो साइड से खुलने वाले एयर बैग फिट किए जाने का प्रस्ताव किया गया था। इनमें से आगे की सीटों पर बैठने वाले यात्रियों के लिए एयरबैग और पीछे की सीटों पर बैठने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए वाहन के भीतर दोनों ओर से खुलने वाले पर्दे और ट्यूब आकार के एयरबैग लगाए जाने का प्रस्ताव था।




# एलटीटीएस ने 5जी निजी नेटवर्क उद्योग को समाधान देने के लिए क्वालकॉम से हाथ मिलाया

**बेंगलुरु, 30 सितम्बर 2022।** एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड (एलटीटीएस) ने शुक्रवार को कहा कि उसने वैश्विक 5जी निजी नेटवर्क उद्योग के लिए समाधान मुहैया कराने को क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज से हाथ मिलाया है।

दोनों कंपनियां इस गठजोड़ के तहत उच्च प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्षेत्र में अपनी संयुक्त विशेषज्ञता का उपयोग करेंगी। एलटीटीएस ने एक बयान में कहा है कि दोनों कंपनियां विनिर्माण और वेयरहाउसिंग / लॉजिस्टिक क्षेत्र में अंतिम ग्राहकों के लाभ के लिए दूरसंचार समाधान और सेवाओं को एक साथ लाएंगे।

# स्वस्थ रहना हैं तो डाल लीजिए बिना तकिये सोने की आदत,जानें कैसे प्रभावित होता हैं शरीर

रात को सभी आराम की नींद लेना पसंद करते हैं और इस दौरान किसी भी तरह का परिवर्तन नींद में खलल डालने का काम करता हैं, खासतौर से अपनी पसंद का तकिया ना मिल पाना। जी हां, आजकल देखने को मिलता हैं कि लोगों को सोते समय अपना ही तकिया चाहिए होता हैं और कई लोग तो शहर से बाहर जाते हैं तो अपने साथ अपना तकिया भी ले जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तकिये का इस्तेमाल ना करना आपकी कई शारीरिक परेशानियों को दूर कर सकता हैं। जी हां, तकिया लगाकर सोने से शरीर के कई अंगों पर अलग-अलग तरह से प्रभाव पड़ता है। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि तकिये के बिना सोना किस तरह आपके लिए फायदेमंद साबित होता है। आइये जानते हैं इसके बारे में...

रीढ़ की हड्डी को मिलता है आराम

जब व्यक्ति सोते समय अपने सिर के नीचे तकिया लगाकर सोता है तो उससे रीढ़ की हड्डी और सिर की पोजीशन एक समान नहीं होती है। खासकर ज्यादा ऊंची तकिया लगाने पर रीढ़ की हड्डी की पोजीशन सोते समय टेढ़ी रहती है, जिसके कारण कई तरह के परेशानियां हो सकती हैं। अक्सर इसी के कारण सोकर उठने पर लोगों में शरीर में अकड़न और पीठ दर्द की शिकायत देखने को मिलती है। इसलिए आपके लिए बिना तकिया सोना ज्यादा फायदेमंद है क्योंकि इससे आपकी रीढ़ की हड्डी और सिर की पोजीशन सीधी बनती है। बिना तकिये लगाए सोने से व्यक्ति की गर्दन स्पाइन की दिशा में रहती है, जिसकी वजह से पीठ दर्द की समस्या नहीं होती।

सिर दर्द से मिलेगा छुटकारा

अगर आप बिना तकिए के सोते हैं तो इसका आपके शरीर पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि बिना तकिए के सोने से शरीर को फायदा होता है। ऐसा करने से आपको सिरदर्द से छुटकारा मिलता है, जबकि कमर दर्द की शिकायत भी नहीं होती है।



गर्दन दर्द से मिलेगी राहत

हम अक्सर तकिए का उपयोग इसलिए करते हैं, ताकि गर्दन और सिर को सही सपोर्ट मिल सके। लेकिन एक गलत पोजीशन और गलत तकिए की वजह से आपको कई शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। इससे आपके गर्दन के मसल्स पर दबाव पड़ता है, जिसकी वजह से आपकी गर्दन में दर्द हो सकता है। इसके बजाय अगर आप बिना तकिए के सोते हैं तो इससे आप गर्दन के दर्द से तो बचते ही हैं साथ ही आपके गर्दन और सिर तक का रक्त प्रवाह भी बेहतर रहता है।

अच्छी नींद आएगी

नींद न आना भी एक बड़ी प्रॉब्लम है। ऐसे में अगर आप अच्छी नींद चाहते हैं तो बिना तकिए के सोना शुरू कीजिए, इससे आपकी थकान दूर होगी और आपको अच्छी नींद भी आएगी। जिससे आप सुबह उठकर बिल्कुल फ्रेश महसूस करेंगे।

तनाव से मिलेगी राहत

भागदौड़ भरी लाइफ में तनाव लोगों की बड़ी समस्या बन गई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिना तकिए के सोने से आपका सिर ऊपर की ओर नहीं होगा, जिससे आपके मस्तिष्क तक रक्त संचार ठीक रहता और तनाव नहीं होता है।

चेहरे पर झुर्रियां नहीं पड़ती हैं

जो लोग सोते समय बहुत फूली हुई और मुलायम फोम वाली तकिये का इस्तेमाल करते हैं उनके चेहरे पर झुर्रियां जल्दी देखने को मिलती हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ऐसी फोम वाली तकिया लगाकर सोने से चेहरे पर दबाव पड़ता है और तकिये पर मौजूद धूल-गंदगी और बैक्टीरिया आदि स्किन पोर्स में समाकर त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके कारण चेहरे की त्वचा पर मुंहासे की समस्या भी हो सकती है। तो अच्छा यही है कि आप बिना तकिया सोएं।

# अगर लैपटॉप की स्क्रीन पर दाग और खरोंच हैं,तो उन्हें दूर करने के लिए इन तरीकों का इस्तेमाल करें



अल्कोहल को हाईलाइट करके आप लैपटॉप की स्क्रीन को साफ कर सकते हैं। लैपटॉप के स्क्रैच को साफ करने के लिए इरेज़र का इस्तेमाल सबसे अच्छा हो सकता है।

लैपटॉप सफाई युक्तियाँ: लैपटॉप का इस्तेमाल लगभग सभी करते हैं। खासकर कोरोना काल में वर्क फ्रॉम होम कल्चर और ऑनलाइन क्लासेज शुरू होने के बाद लैपटॉप का इस्तेमाल काफी आम हो गया है। हालांकि, ज्यादा इस्तेमाल से लैपटॉप की स्क्रीन अक्सर गंदी भी हो जाती है। ऐसे में कुछ आसान तरीकों को अपनाकर आप लैपटॉप की स्क्रीन पर लगे दागों को आसानी से दूर कर सकते हैं। दरअसल, लैपटॉप की स्क्रीन को साफ करने के लिए ज्यादातर लोग स्क्रीन को गीले कपड़े से पोंछ कर साफ करते हैं। बेशक इससे स्क्रीन की गंदगी आसानी से साफ हो जाती है। लेकिन इस तरीके से लैपटॉप की स्क्रीन पर लगे खरोंच और जिद्दी दागों को हटाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए हम आपके साथ कुछ लैपटॉप क्लीनिंग टिप्स शेयर करने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप अपने लैपटॉप को नए जैसा चमकदार बना सकते हैं।

### इरेज़र से साफ़ करें

लैपटॉप की स्क्रीन पर खरोंच को साफ करने के लिए इरेज़र का इस्तेमाल सबसे अच्छा हो सकता है। इसके लिए इरेज़र की मदद से लैपटॉप की स्क्रीन को हल्के से रगड़ें। अब 4-5 मिनट तक रगड़ने के बाद लैपटॉप स्क्रीन की खरोंच तुरंत गायब हो जाएगी।

### रबिंग अल्कोहल का प्रयोग करें

रबिंग अल्कोहल की मदद से आप लैपटॉप के साथ-साथ टीवी और मोबाइल की स्क्रीन भी साफ कर सकते हैं। इसके लिए स्क्रीन को साफ करके पोंछ लें। अब रबिंग अल्कोहल में एक माइक्रोफाइबर कपड़ा डुबोएं और इसे स्क्रीन पर रगड़ें। इससे स्क्रीन पर लगे सारे दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे और आपकी स्क्रीन नए की तरह चमकने लगेगी।

### पेट्रोलियम जेली की मदद लें

लैपटॉप स्क्रीन पर लगे खरोंच और दाग को हटाने के लिए पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए लैपटॉप की स्क्रीन पर पेट्रोलियम जेली लगाएं और इसे माइक्रोफाइबर कपड़े से रगड़ें और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। अब कुछ देर बाद आपकी स्क्रीन किसी कपड़े से पोंछ कर साफ हो जाएगी।

### स्क्रैच रिमूवर से दाग हटाएं

लैपटॉप के दाग को हटाने के लिए आप स्क्रैच रिमूवर की भी मदद ले सकते हैं। इसके लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल भी काफी कारगर साबित हो सकता है। वहीं, मार्केट में कई स्क्रैच रिमूवर आसानी से मिल जाते हैं। जिसके इस्तेमाल से आप लैपटॉप, टीवी और स्मार्ट फोन की स्क्रीन को आसानी से ब्राइट कर सकते हैं।

# हाथों-पैरों में अक्सर होती है झुनझुनी या सुन्न होने जैसी दिक्कत? इन गंभीर समस्याओं का हो सकता है संकेत

लंबे समय तक बैठे रहने के बाद अचानक उठने की स्थिति में अक्सर पैरों में झुनझुनी या सुन्न होने जैसा अनुभव हो सकता है। आमतौर पर बैठने पर रक्त संचार में आने वाले कमी के कारण इस तरह की दिक्कतें होती हैं, पर क्या आपको अक्सर ही इस तरह की समस्या बनी रहती है? अगर हां, तो सावधान हो जाएं यह तंत्रिकाओं में होने वाली गंभीर क्षति की स्थिति का संकेत हो सकती है। इतना ही नहीं इसे डायबिटीज की गंभीर समस्या-डायबिटिक न्यूरोपैथी या फिर किडनी फेलियर की तरफ इशारे के रूप में भी देखा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस तरह की दिक्कतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, इससे गंभीर समस्याओं का जोखिम हो सकता है।



सामान्य स्थितियों में अपनी बांह के बल सो जाने या बहुत देर तक अपने पैरों को क्रॉस करके बैठने के कारण झुनझुनी या फिर सुन्नता का अनुभव हो सकता है। इस तरह की सनसनी को पेरेस्टेसिया के रूप जाना जाता है। हालांकि अक्सर बनी रहने वाली इस तरह की दिक्कत के कई अंतर्निहित कारण भी हो सकते हैं, जिनपर समय रहते ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

आइए जानते हैं कि किन गंभीर स्थितियों में पैरों में झुनझुनी या सुन्न होने की समस्या हो सकती है? जिनपर शीघ्रता से ध्यान देना आवश्यक हो जाता है?

**डायबिटीज की गंभीर समस्या- डायबिटिक न्यूरोपैथी**

हाथों-पैरों में झुनझुनी या सुन्न होने की दिक्कत को डायबिटिक न्यूरोपैथी के संकेत के तौर पर भी देखा जाता है। डायबिटीज की इस गंभीर स्थिति में तंत्रिकाओं में क्षति हो जाती है। डॉक्टर्स बताते हैं मधुमेह की अनियंत्रित स्थिति के कारण तंत्रिकाओं में क्षति हो सकती है, जिसके कारण तंत्रिका तंत्र कमजोर होने लग जाती है। इस स्थिति में हाथों-पैरों में होने वाली झुनझुनी की दिक्कतों के अलावा हृदय से संबंधित विकारों का भी खतरा रहता है। डायबिटिक न्यूरोपैथी ब्लड शुगर लेवल के लगातार बढ़े रहने के कारण होती है। अगर आपको अक्सर झुनझुनी या सुन्न होने की दिक्कत महसूस होती है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से सलाह जरूर ले लें।

**कार्पल टनल डिजीज**

हाथों में झुनझुनी या सुन्न होने की दिक्कत को कार्पल टनल के भी एक संकेत के तौर पर जाना जाता है। यह समस्या कलाई से गुजरने वाली तंत्रिका के संकुचित हो जाने के कारण होती है। चोट लगने, बार-बार एक ही काम करने या सूजन के कारण यह दिक्कत हो सकती है। कार्पल टनल की समस्या में हाथ की उंगुलियों में सुन्नता या झुनझुनी महसूस होती रहती है, कुछ स्थितियों में पूरी बांह में भी यह दिक्कत महसूस हो सकती है। इसमें पैरों में दिक्कत नहीं होती है।

**किडनी फेलियर का हो सकता है संकेत**

अक्सर हाथों-पैरों में झुनझुनी या सुन्न होने की समस्या महसूस होते रहना इस बात का संकेत माना जाता है कि आपकी किडनी ठीक तरीके से काम नहीं कर रही है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप या डायबिटीज की समस्याओं में किडनी फेलियर का खतरा अधिक होता है। डॉक्टर्स कहते हैं, जब आपकी किडनी ठीक से काम नहीं कर रही होती है, तो शरीर में तरल और अपशिष्ट पदार्थ जमा होने लग जाते हैं, जिससे तंत्रिकाओं में क्षति हो सकती है। किडनी फेलियर के लक्षण में पैरों में झुनझुनी या सुन्न होने की दिक्कत अधिक देखी जाती है।

**रूमेटाइड अर्थराइटिस**

रूमेटाइड अर्थराइटिस की समस्या भी हाथों-पैरों में झुनझुनी या सुन्न होने का कारण बन सकती है। यह एक ऑटोइम्यून विकार है जो जोड़ों में सूजन और दर्द का कारण बनती है। इस स्थिति में अक्सर कलाई और हाथों में दर्द होता रह सकता है। इस विकार में होने वाली सूजन के कारण नसों पर दबाव बढ़ जाता है, जिससे झुनझुनी-सुन्न होने की समस्या होती रह सकती है। रूमेटाइड अर्थराइटिस के ऐसे लक्षणों को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

CMYK

# युवा सब कुछ बदलने की शक्ति रखते हैं बस उन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता है:अंकुर सिंह

## » शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
शा.नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे को छात्र, छात्राओं को बतया गया की यह योजना सन् 1969 में महात्मा गांधी के शताब्दी जन्म वर्ष में युवाओं में सेवा भावना, देश प्रेम, समाज सेवा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से स्थापना की गई थी।
शा.नवीन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्र, छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य डा.एसपी त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह संगठन अपने उद्देश्य में बहुत कुछ सफल है इसके कार्यकर्ता समाज में सकारात्मक परिवर्तन कर रहे हैं, कहीं कहीं ये सड़क, तालाब आदि का भी निर्माण करते हैं और जागरूकता के लिए सतत प्रयास करते रहते हैं
इसी तारतम्य में जनभागीदारी अध्यक्ष अंकुर प्रताप सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी हमेशा से समाज में सकारात्मक परिणाम लाती है चाहे




वह समाज का कोई भी क्षेत्र हो राजनीति हो, शिक्षा हो, सामाजिक परिवर्तन हो युवा सब कुछ बदलने की शक्ति रखते हैं बस उन्हें सही दिशा देने वाले की आवश्यकता होती है
आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य दीपक सिंह बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयंसेवक बनने के बाद स्वयं में तो जागरूकता आती ही है वे अपने घर, गांव को भी जागरूक करते हैं और राष्ट्र निर्माण में बेहतर योगदान देते हैं।
कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार वर्मा के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक डॉ अवनीश कुमार पटेल प्राध्यापक, महावीर पैकरा, बीएल सोनवानी परमानन्द, महरोज बेगम, डॉ इफरा जूमी, ऋषभ बोरकर सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मानसिंह द्वारिका, दुर्गेश, पंकज, आरती केवट, मोहित, भारत सिंह, रामचंद्र सिंह, तारकेश्वर रजवाड़े, सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# एमसीबी कलेक्टर से गोंडवाना के जिलाध्यक्ष केवल सिंह व नगर अध्यक्ष आनंद ने की मुलाकात

## नवीन जिला एमसीबी के प्रथम कलेक्टर बनने पर पीएस ध्रुव को प्रेषित की शुभकामनाएं एवं बधाई

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
एमसीबी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम व मनेंद्रगढ़ नगर अध्यक्ष आनंद शर्मा एमसीबी कलेक्टर से मुलाकात कर पहले तो नवीन जिला एमसीबी के प्रथम कलेक्टर बनने पर पीएस ध्रुव को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की इस के बाद शासकीय अंग्रेजी शराब को शहर से दूर स्थपित करने की मांगा पर ज्ञापन सौंपा, शहर के बीचो बीच शासकीय शराब की दुकान है उसे यहां से हटाकर कम से कम 5 किलोमीटर दूर खोला जाए। केवल सिंह ने बताया की पूर्ण विश्वास है जनहित के मुद्दे पर कलेक्टर सही निर्णय लेंगे।
गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अध्यक्ष केवल सिंह ने बताया कि शहर के मध्य अंग्रेजी शराब दुकान से लोगों को काफी समस्या हो रही है। जिसे दूर करते हुये इस दुकान को अन्य जगह स्थापित की जाए साथ ही शराब दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। जिससे कम उम्र के युवाओं को शराब ना दिया जाए। कम उम्र के युवा नौजवान शराब की मांग करें तो उनकी आधार कार्ड की मांग की जाए ताकि युवाओं को नशे की दलदस से दूर किया जा सके। यदि ऐसा होता है तो युवा शराब के आदी होने से बचेगें और देश का भविष्य भी उज्जवल होगा। जबकि एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ शहर को मुख्यालय के रूप में नयी पहचान मिली है। यदि प्रशासन युवाओं का भविष्य उज्जवल रखना चाहती है तो इन मांगो को तत्काल पूरे जिले में लागू करें जिससे किसी भी परिवार का बच्चा नशे की दलदल में न फंस सके। इसलिए भी यह अब जरूरी हो गया है कि शराब दुकानों को शहर से दूर किसी अन्य स्थान पर स्थापित की जाये। श्री मरकाम इस गंभीर मसले पर एमसीबी के कलेक्टर से मुलाकात कर इस समस्या से अवगत कराना चाहते थे पर कलेक्टर साहब किसी दौरे पर गए हुए थे उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। पत्र को आवक जावक शाखा में छोड़ते हुये कलेक्टर साहब से निवेदन किया है कि इस जनहित के मुद्दे को गंभीरता पूर्वक लेते हुये शराब दुकान का स्थान परिवर्तन करें। एमसीबी कलेक्टर के अधिकारी ने बताया आपने जो पहले ज्ञापन दिए थे उसे आबकारी विभाग को भेज दिया गया है।




# खाद्य मंत्री ने एयरपोर्ट के उन्नयन कार्य का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत ने शुक्रवार को दरिमा स्थित माँ महामाया एयरपोर्ट में चल रहे उन्न्यन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली व निर्माण कार्या में तेजी लाने के निर्देश दिए।श्री भगत ने दरिमा एयरपोर्ट पहुँचकर निर्माण कार्यों में हो रही देरी को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर जल्द से जल्द निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण कार्य की गति धीमी हुई है पर अब मानसून वापस लौट रही है और बारिश थम जाएगी। बारिश के बाद कार्य में प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि जितना जल्दी एयरपोर्ट बनकर तैयार होगा उतनी जल्दी सरगुजावासियों को आवागमन की सुगम सुविधा मिलेगी।
ज्ञातव्य है कि मां महामाया एयरपोर्ट से 72 सीटर विमान परिचालन हेतु रन-वे सहित टर्मिनल बिल्डिंग का उन्नयन कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक पूरा करने समय-सीमा तय किया गया है।

# किसान कल्याण संघ जिला कोरिया में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्षों के बैठक संपन्न



-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
कोरिया किसान कल्याण संघ के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मनीष साहू एवं महिला प्रकोष्ठ सुखनी बाई कुर्रे प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के द्वारा किसान कल्याण संघ का जिला कोरिया में गायत्री मंदिर परिसर में माता गायत्री की पूजा अर्चना कर बैठक आहूत की गई, जिसमें किसान कल्याण संघ के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी एवं किसान भाई बहनों के द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ से सम्मानित करते हुए संगठन के बारे में जानकारी दिया गया, जिसमें किसान कल्याण संघ के आए हुए सभी जिले के पदाधिकारियों के द्वारा संगठन के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू घनश्याम यादव के द्वारा दूरभाष से जानकारी लिया गया, जिसमें अध्यक्ष के द्वारा किसान कल्याण संघ के 12 बिंदुओं पर विशेष रूप से जानकारी दिया गया, इसमें संगठन के पदाधिकारी के साथ किसान भाई बहनों ने ध्यान लगाते हुए संगठन के बारे में सुना और आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हुए एवं सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुए, बैठक में विशेष रुप से किसान कल्याण संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनीष साहू एवं महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुखनी बाई कुर्रे उपस्थित रहे साथ में किसान कल्याण संघ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौधरी, जिला मनेंद्रगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में देवेंद्र सिंह को मनोनीत किया गया, सुरेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष कोरिया मनोनीत किया गया, सुजीत सिंह खंडगवा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया, गिरधारी लाल सोनवानी सोनहत ब्लॉक अध्यक्ष, बृजमोहन सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष सोनहत, बिंदिया दुबे पटना ब्लॉक अध्यक्ष, दिव्या कोरी पटना ब्लॉक उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ का चयन किया गया, बैठक में विशेष रूप से आसपास के किसान भाई-बहन एवं किसान कल्याण संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे, बैठक में आप सभी का आगमन किसान कल्याण संघ के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा, इन्हीं सब चीजों को देखते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के तरफ से ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

# 1 नवम्बर से शुरू होगी धान खरीदी

## कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लेने केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 1 नवम्बर से शुरू किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने आज जिले में धान खरीदी से पूर्व तैयारियों का जायजा लेने विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के खरीदी केंद्र सरभोका तथा पटना का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति प्रबंधकों से किसानों के पंजीयन, बारदानों की उपलब्धता, चबूतरों, टोकन व्यवस्था आदि के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने राजस्व विभाग को समय पर किसानों के रकबा सत्यापन का कार्य शुरू कर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।
इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा की धान ख़रीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। इस कार्य में लापरवाही तथा उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने केन्द्रों में आर्द्रतामापी यंत्रों, तौल मशीन, पेयजल, विद्युत, तिरपाल आदि की पर्याप्त व्यवस्था तथा कोचियों-बिचौलियों पर नजर रखने के निर्देश दिए।
कार्य में विलम्ब पर लगेगी पैनाल्टी- कलेक्टर श्री शर्मा ने इस दौरान ग्राम तेन्दुआ में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क का अवलोकन किया। बताया गया कि तेन्दुआ बाजार चौक से झिम्मापारा तक निर्माणाधीन सड़क में 11 पुल-पुलियों सहित सड़क की लम्बाई कुल 3.2 किलोमीटर है, जिसमें 4 पुलियों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने निर्माण कार्य में धीमी गति पर ठेकेदार को कड़ी फटकार लगायी तथा समय पर कार्य पूर्ण नहीं किए जाने पर ईई पीडब्ल्यूडी को प्रतिसप्ताह पैनाल्टी लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्षमता बढ़ाते हुए जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण करें।

# धान बेचने आने वाले किसानों को उपार्जन केन्द्रों में हो सुखद एहसास:श्री जैन

## इस बार धान खरीदी में होंगे 62 कार्य दिवस

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने शुक्रवार को आगामी 1 नवंबर 2022 से शुरू होने वाले धान खरीदी की। तैयारी के संबंध में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर्स वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। समीक्षा बैठक में धान खरीदी तैयारी से संबंधित एजेंडा का विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की गई। बताया गया कि इस बार धान खरीदी में 62 कार्य दिवस होंगे।
मुख्य सचिव ने कहा कि सभी उपार्जन केन्द्रों की तैयारी ऐसी रखें कि प्रथम सप्ताह में धान बेचने आने वाले किसानों को ऐसा महसूस हो कि उनका स्वागत हो रहा है तथा उपार्जन केन्द्र की व्यवस्था से वे संतुष्ट हों। उन्होंने कहा कि संवेदनशील उपार्जन केन्द्रों के संवेदनशीलता के कारणों पर भी विशेष ध्यान रखें। बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था तथा भौतिक सत्यापन समय पर करा लें। खरीदी के दौरान ही इंटर मिलर्स मिलिंग कराएं। उन्होंने कहा कि इस बार भी धान खरीदी अधिक होने की संभावना है जिससे धान का उठाव तेजी से करने के लिए सीधे खरीदी केन्द्रों से ही मिलर्स से धान का उठाव कराएं। उन्होंने त्रुटि रहित एवं शुद्ध गिरदावरी करने के साथ ही सरकारी खसरे का सावधानीपूर्वक जांच कर लें ताकि सरकारी खसरे से धान की बिक्री की गुंजाईश न रहे। उन्होंने गिरदावरी की जानकारी किसानों को भी हो इसके लिए ग्राम सभा में गिरदावरी का वाचन कराएं।



कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने बताया कि 99.9 प्रतिशत गिरदावरी का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिले में समर्थन मूल्य में धान बेचने हेतु 49 हजार 613 पंजीकृत किसान हैं। इस बार जिले में 46 उपार्जन केन्द्रों से धान की खरीदी की जाएगी। धान खरीदी के लिए करीब 18 हजार 700 गठान बारदाने की जरूरत पड़ेगी जिसमें से 7 हजार 700 गठान की व्यवस्था हो गई है, शेष की व्यवस्था की कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में केवल एक संवेदनशील उपार्जन केन्द्र है।एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम, संयुक्त कलेक्टर श्री टी.सी. अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस आज

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष के भांति 1 अक्टूबर को विश्व स्तर पर वृद्धजनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस का आयोजन किया जाता है। वरिष्ठ मतदाताओं का भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में आधार कार्ड को वोटर आईडी कार्ड से लिंक करने की प्रक्रिया चलाई जा रही है।
उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री टी.सी. अग्रवाल ने बताया कि आयोग द्वारा निर्देशित किया है कि ऐसे सभी मतदाता जिनकी उम्र 100 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है, उनका सम्मान किया जाये एवं उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा जारी संदेश प्रदान किया जायेगा। जिसके अंतर्गत 01 अक्टूबर 2022 अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर वृद्धाआश्रम अम्बिकापुर में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा।
कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ मतदाताओं के रूप में मुर्ति यादव, बटुलन जुल्हा, भुखल केरकेट्टा, सुखा लकड़ा, खीस्त प्रकाश लकड़ा, जगदेव महात्वर, भगतो राजवाड़े, बिरसो महंत एवं सुखमनिया यादव को सम्मानित किया जायेगा।

# संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में काव्य गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**
सितंबर संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के प्रयोजनमूलक हिंदी विभाग के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह जी की अध्यक्षता में आज दिनांक 30 सितंबर 2022 को अपराह्न 2 00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आजादी के इतिहास पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस काव्य गोष्ठी में सरगुजा के स्वनामधन्य साहित्यकार कवि एवं पत्रकार उपस्थित होकर अपनी रचनाओं का पाठ किया । माननीय कुलपति प्रो अशोक सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात श्रीमती पूनम सिंह दुबे के द्वारा मां सरस्वती का वंदना गीत और श्री रंजीत सारथी के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य गीत की प्रस्तुति की गई । अभ्यागत कवियों का स्वागत श्री समन नारायण उपाध्याय के द्वारा किया गया ।
भोजपुरी फिल्म निर्देशक और गायक श्री गोपाल पांडेय ने श्रहमत बरस रही है मैया तेरे भवन मेंश् अपना स्वरचित गीत प्रस्तुत किया । तत्पश्चात राजनीतिज्ञ और कवि विनोद हर्ष जी ने अपना गीत पाठ करते हुए कहा.आओ कुछ भेंट करें मातृभूमि स्वतंत्र को। इस अवसर पर श्रृंगार के कवि देवेंद्र नाथ दुबे ने अपनी कविता. तेरी दौलत घूमा करती घर आंगन चौबारे में । मेरे अक्षर सैर करेंगे सूरज चांद सितारों में ।। की पंक्तियाँ पढ़ी । श्री सुरेश प्रसाद जायसवाल ने अपनी कविता में कहा. हम भारत के रहने वाले भारतवासी कहलाते हैं ।।
इस अवसर पर दिग्विजय सिंह तोमर ने कविता पाठ करते हुए कहा. श्सम्राट विक्रमादित्य का अखंड आर्यावर्त न्यारा था । कसम मंगल पांडेय की लेकर हम रहेंगेए



जो भूभाग हमारा था ।।सरगुजिया के लेखक.कवि डॉक्टर सुधीर पाठक ने कहा. मधुर मिलन सुरताल की । हिंदी भाषा है कमाल की ।। संतोषदास सरल ने अपने वीर रस की ओजस्वी कविता में कहा. भारत मां का है वरदान नमो प्रहार करो । अंतिम युद्ध की करो घोषणा शत्रु का संहार करो ।। इस अवसर पर डॉ अजय पाल सिंह ने कहा. कोई तुमको कहता जमीन है और किसी की वतन है तू । किसी ने तुझको देश कहा पर मेरी तो बस मां है तू ।। श्रीमती गीता दुबे ने अपने दोहा में कहा. वंदन करते भारतीए सदा रहे सम्मान । गौरव गाथा देश नित बढ़ाए मान ।। श्याम बिहारी पांडेय ने अपनी कविता पाठ करते हुए कहा. हां हां मैं मंगल पांडे हूं । हां हां मैं मंगल पांडे हूं ।। जब देश हमारा सोया था । जागी रातों मैं रोया था ।। रंजीत सारथी ने कहा कि. हिंदू फूले फलेए झंडा ऊंचा रहे । लगा नाराए झंडा ऊंचा रहेगा हमारा ।। सरगुजा के दोहा सम्राट. मुकुंदलाल साहू ने कहा कि. उत्तम भारत देश है उत्तम है परिवेश । सुंदर इसकी संपदाए सुंदर सभी प्रदेश ।
श्रीमती संध्या सिंह ने अपनी कविता में कहा. होता है रिक्तता का आभास सा विलुप्त है स्वर्णिम इतिहास के । कुछ अनमोल अनछुए लम्हे इतिहास के कुछ श्वेत कुछ श्याम पन्ने।। श्रीमती मंशा शुक्ला ने कहा. दग्ध है ज्वाला ह्रदय में दीप बन अब जलूं कैसे । है भरा सैलाब मन में अश्क बन मैं बहूँ कैसे ।। श्रीमती गीता दुबे ने अपने गीत में कहा. नशा मुक्त हो जहां हमारा । रामराज हो भारत सारा ।। श्रीमती माधुरी जायसवाल ने कहा. जब मैं मरूं मेरी यह पहचान लिख देना । मेरे कफन से ही मेरा हिंदुस्तान लिख देना ।। डॉ उमेश कुमार पांडेय ने अपने काव्य पाठ में कहा. हर धर्म इंसानियत का पाठ पढ़ाता है । मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा एक ही राह दिखाता है ।। आनंद सिंह यादव ने कहा कि लाल रक्त से धरा नहाई । खेत भूमि पर लालिमा छाई ।। कार्यक्रम के संयोजक डॉ राजकुमार उपाध्याय मणि ने अपना गीत प्रस्तुत करते कहा. घर.घर तिरंगा फहरा रहा है । मेरा भारत बदल रहा है ।। इस गोष्ठी में श्री अम्बरीश कश्यप भुवनेश्वर आदि ने भी काव्य पाठ किया।
इस अवसर पर विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह जी ने श्रीमती आशा पांडे एवं श्रीमती पूनम दुबे द्वारा संपादित मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन द्वारा प्रकाशित की गई नशे की प्रवृत्ति एवं उसका निदानए अमृत उत्सव लहर छत्तीसगढ़ साहित्य प्रवाहित तथा श्री सुरेश प्रसाद जायसवाल द्वारा रचित काव्य.गंगा पीपर कर पतई आदि अनेक कृतियों का विमोचन भी किया गया । कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ उमेश कुमार पांडेय ने किया और काव्य गोष्ठी का संचालन कार्यक्रम के संयोजक डॉ राजकुमार उपाध्याय मणि ने किया ।

C M Y K

# राजनीति में आपसी स्वीकार्यता आखिर क्यों हो रही खत्म,विपक्ष को दुश्मन मनाने का क्यों बढ़ रहा चलन ?

**» द्वेष और वैमनस्यता के साथ आखिर कैसे कर सकेंगे लोक कल्याणकारी कार्य राजनीतिक दल।**

**» विरोध के नाम पर हर हद...हर सीमा... के पार जाकर व्यवहार करने से पीछे नहीं हट रहें हैं राजनीतिक व्यक्ति।**

**» क्या आपसी विद्रोह को जन्म देना ही रह गया है राजनीतिक उद्देश्य,जनसेवा की बजाय जन आक्रोश उतपन्न करना ही बचा है केवल ध्येय।**

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

राजनीति में आजकल पक्ष विपक्ष का आपसी व्यवहार देखकर यही लगता है कि आजकल केवल पक्ष विपक्ष का एक ही धेय रह गया है और वह है आपसी वैमनस्यता आपसी द्वेष का ज्यादा से ज्यादा प्रदर्शन और अपने अनुयायियों के साथ दूसरे दल के अनुयायियों व मुखिया के प्रति आक्रामक होकर आक्रोश की स्थिति उतपन्न करना। लोक कल्याणकारी कार्यों जन सरोकारों से जुड़े विषयों से राजनीति करने वालों का आज कोई सरोकार नहीं रह गया है यह भी देखने को मिल रहा है कुल मिलाकर परस्पर एक दूसरे के प्रति कितना जहर उगला जा सके कितना विरोध और विद्रोह उतपन्न किया जा सके राजनीति का नया स्वरूप ऐसा ही देखने को मिल रहा है। आज यह कहीं देखने को मिल रहा है कि राजनीति में सत्ता पर काबिज किसी दल के किसी उत्कृष्ट कार्य का विपक्ष बड़ाई करता नजर आये और उसको बेहतर बताते हुए सुना जाए। हर कार्य की आलोचना और हर बेहतर कार्य को जनता के बीच जनता के लिए एक आक्रोश स्वरूप में लेकर जाना ही आज की राजनीति का प्रमुख व्यवहार राजनीतिक लोगों का रह गया है जो देखने को मिल रहा है।

## विरोध खासकर एक तरह का राजनीतिक व्यवहार हो गया है

देश के लिए देश की सत्ताधारी सरकार द्वारा लिया गया कोई निर्णय हो या प्रदेश के लिए प्रदेश के हिसाब से लिया गया कोई उन्नति से सम्बद्ध रखने वाला निर्णय हो दोनों का ही परस्पर विरोध देखने को मिलता है भले ही निर्णय या लागू योजना कितनी ही बेहतर क्यों न हो और क्यों न उससे देश और प्रदेश की उन्नति सीधे तौर पर जुड़ी हो, प्रत्येक का विरोध विपक्ष करता ही नजर आता है भले ही ऐसी किसी योजना और घोषणा से वह खुद क्यों न लाभान्वित होता हो। देश के लिए गए वैश्विक परिदृश्य के हिसाब से लिये गए निर्णय जिसमे देश की सक्षमता देश की सुदृढ़ता का ही कोई निर्णय क्यों न हो विरोध खासकर एक तरह का उसके प्रति आक्रोश उतपन्न करना आज आम राजनीतिक व्यवहार हो गया है और इसके लाभ हानि से भी विरोध करने वालो को कोई लेना देना नहीं होता यह स्पस्ट नजर भी आता है।

## काबिज सरकारों के निर्णय का विरोध करते समय विपक्ष भूल जाता है कि क्षवि कहीं न कहीं देश व प्रदेश की भी धूमिल होती है

आज देश हो या प्रदेश राजनीतिक द्वेष और वैमनस्यता के कारण दोनों ही जगह सत्ता पर काबिज सरकारों के निर्णय का विरोध करते समय विपक्ष यह भी भूल जाता है कि इसे क्षवि कहीं न कहीं देश और प्रदेश की भी धूमिल होती है और देश के मामले में वैश्विक स्तर पर देश की क्षवि धूमिल होती है और देश की अखंडता तक पर प्रश्न खड़ा हो जाता है। राजनीति में आजकल सामान्य व्यवहार एक ही है और वह है एक विचारधारा का प्रसार करना और प्रसार के दौरान व्यवहार में किसी भी सिद्धांत या किसी मूल तत्व जिसमे देश या प्रदेश की अखंडता उसकी सुरक्षा या उसकी अस्मिता का प्रश्न जो शामिल किया जा सकता है, उसका समावेश न करना कुल मिलाकर विरोध में विपक्ष की भूमिका का ऐसा निर्वहन करना राजनीति का मुख्य व्यवहार हो गया है और विरोध भी ऐसा जिसमे ऐसी विचारधारा का प्रसार जहां उससे जुड़े ही सत्य और सही राह पर हैं वहीं दूसरे विचारधारा से जुड़े तो गलत।




## पहले और आज की तुलना में अंतर केवल इतना है कि पहले देश प्रदेश की अखंडता व उसकी अस्मिता से जुे विषयों पर सभी दल एकसाथ हुआ करते थे

राजनीति में एक निश्चित विचारधारा के आधार पर पहले भी व्यवहार होता आया है लेकिन पहले और आज की तुलना में अंतर केवल इतना है कि पहले देश प्रदेश की अखंडता साथ ही उसकी अस्मिता से जुड़े विषयों पर सभी दल एकसाथ हुआ करते थे और आज ऐसा नहीं है। आज प्रत्येक राजनीतिक दल एक अलग विचारधारा अपने साथ जुड़े लोगों में प्रवेशित कराना चाहती है और एक तरह से उसका प्रयास रहता है कि राजनीतिक दल से जुड़ने वाले सही गलत भूलकर केवल उन्हीं विषयों पर सच मानकर चलना शुरू करें जो दल द्वारा बताया जाए या प्रसारित किया जाए। प्रतिदिन सोशल मीडिया पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते राजनीतिक दल के लोगों के बयानों को पढ़कर भी समझा जा सकता है कि आज समाधान किसी विषय पर कोई सरकार यदि निकाले तो उससे असन्तुष्ट होने वालों की संख्या ज्यादा हो जिससे अगली बार उस दल को सरकार बनाने का मौका मिल सके जो आज विपक्ष में है वहीं एक दूसरे पर केवल शब्द तीर के सहारे ही आजकल राजनीति नहीं हो रही है मौका मिलने पर आपसी प्रत्यक्ष प्रहार कर भी एक दूसरे को कमजोर साबित करने का चलन बढ़ा है जो आने वाले समय के लिए राजनीति करने वालों के लिए कहीं से सही नहीं कहा जा सकता यदि ऐसा व्यवहार इसी तरह व्यवहार में शामिल होता रहा। तो राजनीति में आपसी स्वीकार्यता आखिर कहां से शुरू होगा और कब इसका चलन व्यवहार में पूर्व की तरह आएगा यह तो नहीं बताया जा सकता लेकिन जो कुछ भी वर्तमान राजनीति में जारी है वह देश और प्रदेश के हिसाब से बिल्कुल सही नहीं है यह जरूर कहा जा सकता है। राजनीति में एक और चीज जो लगातार देखने को मिल रही है वह यह कि सत्ता हथियाने तक ही राजनीतिक दल विचारधारा के सहारे होते हैं और अनुयायियों की फौज बनाते हैं जब उन्हें सत्ता मिल जाती है वह सत्ता के नशे में चूर हो जाते हैं और फिर मुड़कर सिद्धांतो की बात तभी करते हैं जब चुनाव नजदीक होता है और सत्ता की लालसा उनपर हावी होती है।

# लेखापाल द्वारा की जा रही थी रिश्वत की मांग

-राजेन्द्र कुमार शर्मा-

**खडगवां 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**




कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकिकृत बाल विकास सेवा परियोजना, खडगवां, जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, छ.ग. में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 / लेखापाल रविशंकर खलखो द्वारा 1,50,000/- रूपये रिश्वत की मांग की जा रही थी।

प्रार्थिया और आरोपी के मध्य 50-50 हजार रूपये कर किस्तों मे 1,00,000/- रूपये देने की सहमति बनी। शिकायत का सत्यापन होने पर दिनांक 26/9/2022 को मांगी गई रिश्वत की रकम 50,000/ रूपये लेते आरोपी रविशंकर खलखो, सहायक ग्रेड- 02, को उसके कार्यालय मे रंगे हाथ एसीबी अंबिकापुर की टीम ने पकड़ा था।

कार्यालय महिला बाल विकास सेवा परियोजना मे लिपिक के एसीबी के द्वारा रंगे हाथों पकडे जाने के बाद से आज लगभग चार से पांच दिवस हो गए किसी दूसरे लिपिक की कार्यालय में पदस्थापना नहीं हुई हैं जिससे कार्यालय के महत्वपूर्ण योजना का कार्य प्रभावित हो रहे है लिपिक के पदस्थ नहीं होने से परियोजना कार्यालय का पूरा संचालन कार्यालय के कम्प्यूटर आपरेटर के द्वारा किया जा रहा है।जिससे कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेजो की गोपनीयता भंग होने कि शंका बनी रहती है?



# एसईसीएल कोरबा क्षेत्र द्वारा आयोजन विशाल रक्तदान शिविर में 112 लोगों ने किया रक्तदान

-संवाददाता-

**कोरबा, 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

रक्तदान महादान है, जिसकी अहमियत को समझते हुए महाप्रबंधक कोरबा क्षेत्र बी.एन. सिंह ने स्वयं रक्तदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ज़रूरतमंद आम लोगों के लिए 75 यूनिट रक्तदान हेतु आह्वान किया था महाप्रबंधक कोरबा क्षेत्र बी.एन. सिंह के मार्कदर्सन में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में लोगों द्वारा बड़े उत्साह के साथ 112 यूनिट रक्त का रक्तदान कर मानवता धर्म का परिचय दिया । उन्होंने कहा कि रक्तदान के महत्त्व एवं इसकी कीमत वह ज़रूरतमंद व्यक्ति अच्छी तरह समझ सकता है ,जो हॉस्पिटल में अपनी एवं दूसरों की जान बचाने के लिए कभी संघर्षरत रहा हो। क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी श्रीमती डॉक्टर सीमा अरोरा एवं उनकी टीम ने कार्यक्रम का सफल आयोजन किया एवं क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के पी शिंदे ने भी रक्तदान हेतु औरों को प्रेरित किया ।आयोजन में, स्वर्गीय बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा के वर्ल्ड बैंक इंचार्ज डॉक्टर जीएस जात्रा एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा । कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ नीतू मणि दास ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला एवं धन्यवाद ज्ञापन चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आनंद श्रीज्ञान द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय जेसीसी , वेलफेयर एवं यूनियन के प्रतिनिधियों ने सहयोग किया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में केन्द्रीय चिकित्सालय कोरबा के सभी डॉक्टर एवं कर्मचारी का सराहनीय योगदान रहा साथ ही अधिकारीयों एवं कर्मचारियों का भी सहयोग रहा।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने हमर बेटी, हमर मान कार्यक्रम का किया आयोजन



-संवाददाता-

**कोरबा, 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ सरकार का क्रांतिकारी अभियान हमर बेटी हमर मान का व्यापक प्रचार प्रसार कर बालिकाओं एवं छात्राओं को निर्भय एवं सशक्त बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह के द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू से मार्गदर्शन प्राप्त कर नगर कोतवाल रूपक शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा पुराना बस स्टैंड कोरबा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में जाकर उपस्थित सैकड़ों छात्राओं को बेटियों के कानूनी अधिकार, गुड टच बैड टच,छेड़खानी, यौन शोषण, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया से संबंधित अपराध, डायल -112, महिलाओं की सुरक्षा हेतु अभिव्यक्ति ऐप एवं अन्य कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्राएं सहित शिक्षक एवं विद्यालय के प्रधान पाठक ओमकार शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं एवं शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ सरकार और पुलिस अधीक्षक कोरबा के इस अभिनव पहल की सराहना कि। स्कूल के प्रधान पाठक ने आभार प्रदर्शन में पुलिस की इस पहल को बेहद सार्थक बताते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रम कराए जाने का अनुरोध किया है ।

# पटना के बड़े झुमरपारा में जल जीवन मिशन से 56 घरों तक पानी की आसान उपलब्धता

**जल है तो कल है, कलेक्टर श्री शर्मा ने ग्रामीणों से की जल संरक्षण की अपील**

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में नल कनेक्शन के द्वारा घरों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जिससे घर से दूर जाकर पानी लाने की परेशानी से लोगों को राहत मिल रही है। इसी कड़ी में जल जीवन मिशन के कार्यों का जायजा लेने कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा विकासखंड बैकुंठपुर के अंतर्गत पटना के बड़े झुमरपारा पहुंचे। यहां उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत घरों में नल कनेक्शन का निरीक्षण किया। जल जीवन मिशन के तहत यहां 56 घरों में कनेक्शन दिया गया है। कलेक्टर ने यहां अंतिम घर तक पानी के प्रवाह का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों से बात कर योजना पर फीडबैक भी लिया।



ग्रामीण श्रीमती बीरा बाई के घर में कलेक्टर ने नल कनेक्शन का अवलोकन किया। ग्रामीण महिला ने बताया कि नल कनेक्शन लगने से पानी की उपलब्धता आसान हो गई है। पीने और अन्य घरेलू कामों के लिए आसानी से पानी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पहले ट्यूबवेल से पानी स्वयं ढोकर लाना पड़ता था, जिसमें काफी मेहनत लगती थी। अब नल से पानी घर पर ही मिल रहा है, जिससे हम बेहद खुश हैं। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को जल संरक्षण का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है। कल की आवश्यकता पूरी करने के लिए आज से ही जल का संरक्षण जरूरी है। कलेक्टर की अपील पर ग्रामीणों ने भी पूर्ण सहयोग की बात कही।

## 12 को फायर सेफ्टी डिजास्टर भिलाई हेतु प्लेसमेंट कैम्प

-संवाददाता-

**सूरजपुर30 सितम्बर 2022(घटती-घटना)।**

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा 12 अक्टूबर 2022 को कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा रिक्तियॉ निकाली गयी है। फायरमैन 20 पद, पुरूष, शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा फायर एण्ड सेफ्टी एवं 6माह का अनुभव, संभावित वेतन 13000, सेक्यूरिटी गार्ड 50 पद, पुरूष, शैक्षणिक योग्यता 10 वीं पास, स. वेतन 9000 से 12000, वाहन चालक 10 पद, पुरूष, 10 वीं पास एवं हैवी लाईसेंस अनिवार्य, स.वेतन 12000 से 15000, सेक्यूरिटी सुरपवाइजर 10 पद, पुरूष स. योग्यता ग्रेजुएशन, स.वेतन 12000 से 16000, भूतपूर्व सैनिक 10 पद शैक्षणिक योग्यता भूतपूर्व सैनिक, स. वेतन 16000 से 20000 प्रति माह होगी। सभी कार्यक्षेत्र छ.ग. होगा। इच्छुक आवेदक उक्त दिनांका को शिविर में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा नव पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को

# फीता लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी



-संवाददाता-

**कोरबा, 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा जिला कोरबा में पदस्थ आरक्षकों को प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नत कर फीता लगाकर पदोन्नति एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई । पुलिस मुख्यालय रायपुर से जारी आदेश के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रतनलाल डांगी द्वारा रेंज में पदोन्नति प्रक्रिया आयोजित की जाकर माह-जून 2022 में आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नति हेतु योग्य आरक्षकों का योग्यता सूची जारी किया गया था । पदोन्नति हेतु योग्य पुलिसकर्मियों को पुलिस प्रशिक्षण विद्यालयों में पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण कराया गया पुलिसकर्मियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने उपरांत पदोन्नति की समस्त अर्हताएं पूर्ण करने पर कोरबा जिले से कुल 42 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया । इसके पश्चात संतोष सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में सभी पदोन्नत प्रधान आरक्षक को का मीटिंग लेकर सभी पुलिसकर्मियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गई । कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू ,रक्षित निरीक्षक अनथ राम पैकरा , एसआरसी बंधन सिंह सहित कार्यालय में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे ।




# रामानुजनगर पुलिस ने 4 जुआड़ियों को पकड़ा

**जुआ फड से 3700 रूपये जप्त कर चारों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है**

-संवाददाता-

**सूरजपुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

अवैध शराब, जुआ, नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में रामानुजनगर पुलिस ने ग्राम राजापुर में हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलने के मामले में 04 जुआड़ियों को रंगे हाथों पकड़ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है।

गुरूवार को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम राजापुर में कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में प्राप्त सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जुआ खेल रहे 04 व्यक्ति मोहन यादव निवासी ग्राम सुरता, कुन्नी सिंह सिरदार ग्राम गोकुलपुर, कवल साय ग्राम परशुरामपुर व अनोज कुमार ग्राम कुरूवां थाना विश्रामपुर को पकड़ा जिनके कब्जे व जुआ फड से 3700 रूपये जप्त कर चारों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव गवेल, धनन्जय साहू, रवि साहू, सैनिक रजनीश पटेल, देवचंद पाण्डेय व मानसाय सक्रिय रहे।

# सूरजपुर पुलिस के द्वारा महिलाओं-छात्राओं के लिए उपयोगी अभिव्यक्ति ऐप की दी जानकारी



-संवाददाता-

**सूरजपुर 30 सितम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में महिलाओं-छात्राओं को अवगत कराते हुए ऐप के इस्तेमाल को लेकर जागरूक करने एवं अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार, 30 सितम्बर को चौकी उमेश्वरपुर पुलिस के द्वारा शा.उ.मा.वि. उमेश्वरपुर, चौकी लटोरी की पुलिस के द्वारा नर्सिग कालेज सोनवाही के छात्राओं तथा चौकी करंजी पुलिस के द्वारा ग्राम बतरा की महिलाओं को महिला सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा तैयार किए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुए ऐप डाउनलोड कराया है। इस दौरान महिलाओं-छात्राओं को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी। वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। इस दौरान चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी, चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, चौकी प्रभारी लटोरी संजय गोस्वामी सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# नसीम शाह टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर जाएंगे



**लाहौर, 30 सितम्बर 2022।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह कोविड-19 से जुड़े दो दिनों के पृथकवास को पूरा करने के बाद अगले सप्ताह न्यूजीलैंड के दौरे पर टीम के साथ यात्रा करेंगे। कोरोना वायरस जांच में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद शाह इंग्लैंड के खिलाफ सात मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के आखिरी दो मैचों की टीम से बाहर हो गये। निमोनिया से पीड़ित होने के बाद उन्होंने अस्पताल में दो रातें बिताई थी। इस तेज गेंदबाज ने एक ट्वीट कर बताया कि वह 'बेहतर महसूस कर रहे और बीमारी से उबर रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि शाह घर पर पृथकवास के दौरान कोविड-19 के सभी प्रोटोकॉल का पालन करेंगे और क्रिकेट बोर्ड की चिकित्सा समिति की निगरानी में रहेंगे। पाकिस्तान की टीम सोमवार तड़के न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगी। टीम को इस दौरे पर त्रिकोणीय ट्वेंटी 20 श्रृंखला में भाग लेना है जिसमें न्यूजीलैंड के अलावा बांग्लादेश भी शामिल है।

पाकिस्तान की टीम यहीं से टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी। शाह को सीने में दर्द और बुखार की शिकायत के बाद मंगलवार देर रात लाहौर के अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। पाकिस्तान की टीम श्रृंखला में अभी 3-2 से आगे है।



# अदालत ने राजस्थान क्रिकेट संघ के चुनाव पर रोक लगाई

**जयपुर 30 सितम्बर 2022।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के चुनाव कराने पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत आरसीए के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे हैं। न्यायाधीश महेंद्र गोयल ने मामले की सुनवाई करते हुए चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी और आरसीए के चुनाव अधिकारी राम लुभाया, राजस्थान सरकार के प्रमुख सचिव (खेल) और सहकारिता पंजीयक को एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया। इस मामले में अब 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी। दौसा, नागौर, गंगानगर और अलवर के जिला क्रिकेट संघों (डीसीए) द्वारा एक याचिका दायर की गई थी। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) का चुनाव शुक्रवार (30 सितंबर) को होना था। रिट याचिका में आरोप लगाया गया था कि आरसीए के चुनाव अधिकारी राम लुभाया एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं जो स्वतंत्र व्यक्ति नहीं हैं। जिला क्रिकेट संघों की ओर से पेश हुए वकील ने तर्क दिया कि राम लुभाया अधिकारी के रूप में राजस्थान सरकारमें सक्रिय थे और तत्कालीन मुख्यमंत्री के अधीन काम कर रहे थे, जिनके बेटे वैभव गहलोत न केवल आरसीए के निवर्तमान अध्यक्ष हैं, बल्कि फिर से उसी पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

# भारत और पाकिस्तान के बीच 7 अक्टूबर को फिर होगा महामुकाबला

**नई दिल्ली, 30 सितम्बर 2022।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया इस महीने की शुरुआत में एशिया कप 2022 से बाहर हो गई थी। अब भारतीय महिला टीम के पास एशिया कप पर कब्जा जमाने और पाकिस्तान को धूल चटाने का मौका होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार (1 अक्टूबर) से बांग्लादेश के सिलहट में होने वाले महिला एशिया कप 2022 में खिताब जीतने के लिए टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी।



बांग्लादेश इस साल महिला एशिया कप की मेजबानी कर रहा है। भारत, पाकिस्तान, मलेशिया, श्रीलंका, थाईलैंड और डेब्यू करने वाले यूएई टूर्नामेंट की अन्य छह टीमें हैं इस महिला टूर्नामेंट में भी भारत बनाम पाकिस्तान के बीच भिड़ंत देखने को मिलेगी। 7 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पाकिस्तान को हराने के बाद भारतीय टीम एक बार फिर पाक को पटखनी देना चाहेगी।

## एशिया कप जीतने की बड़ी दावेदार भारत

छह बार की चैंपियन और पिछली बार की उपविजेता भारत एक बार फिर टूर्नामेंट जीतने की सबसे बड़ी दावेदार टीम है। भारतीय महिला टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को 3-0 से हराया था। वहीं बांग्लादेश को भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि चार बार के उपविजेता श्रीलंका और दो बार के उपविजेता पाकिस्तान को भी इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## जानें भारतीय महिला टीम का एशिया कप का शेड्यूल

1 अक्टूबर 2022 को भारत बनाम श्रीलंका के बीच सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 1.00 बजे से मैच खेला जाएगा।

3 अक्टूबर 2022 को भारत बनाम मलेशिया के बीच सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 1.00 बजे से मैच खेला जाएगा।

4 अक्टूबर 2022 को भारत बनाम यूएई के बीच सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 1.00 बजे से मैच खेला जाएगा।

7 अक्टूबर 2022 को भारत बनाम पाकिस्तान के बीच सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 1.00 बजे से मैच खेला जाएगा।

8 अक्टूबर 2022 को भारत बनाम बांग्लादेश के बीच सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 1.00 बजे से मैच खेला जाएगा।

10अक्टूबर 2022 को भारत बनाम थाईलैंड के बीच सिलहट आउटर क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 1.00 बजे से मैच खेला जाएगा।

एशिया कप के लिए भारतीय महिला टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, दयालन हेमलता, किरण नवगिरे, दीप्ती शर्मा, स्नेह राणा, सब्बिनेनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर) पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, रेणुका सिंह।

# पाकिस्तान गेंदबाज हारिस रऊफ ने भारत को चेताया,एमसीजी मेरा घरेलू मैदान

**लाहौर 30 सितम्बर 2022।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को बिग बैश लीग खेलने के अपने अनुभव के दम पर भारत के खिलाफ 23 अक्टूबर को होने वाले टी20 विश्व के मुकाबले में कामयाबी मिलने का पूरा यकीन है। आपसी राजनीतिक तनाव के कारण भारत और पाकिस्तान द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलते हैं। एमसीजी पर होने वाला यह मुकाबला एक साल के अंदर उनका चौथा मुकाबला होगा। रऊफ ने कहा ,'' अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सका तो उनके लिये मुझे खेल पाना आसान नहीं होगा। मैं बहुत खुश हूं कि यह



मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर हो रहा है। '' रऊफ बीबीएल में मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हैं। उन्होंने कहा ,'' यह मेरा घरेलू मैदान है क्योंकि मैं मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलता हूं। मुझे पता है कि वहां कैसे खेलना है। मैने रणनीति बनानी भी शुरू कर दी है कि भारत के खिलाफ कैसे गेंदबाजी करनी है।'' पाकिस्तान ने पिछली बार यूएई में हुए टी20 विश्व कप में भारत को दस विकेट से हराया था जो विश्व कप में भारत पर उसकी पहली जीत थी।एशिया कप के ग्रुप चरण में भारत ने उसे चार विकेट से हराया लेकिन सुपर चार चरण में हार गया। रऊफ ने कहा ,''भारत और पाकिस्तान के मैचों में काफी दबाव रहता है।विश्व कप में मैने वह दबाव महसूस किया। लेकिन एशिया कप में पिछले दो मैचों में वह दबाव महसूस नहीं हुआ क्योंकि मुझे पता था कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

# वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम पर बरसेंगे करोड़ों रुपये

**हारने वाली टीम भी होगी मालामाल**



**नई दिल्ली , 30 सितम्बर 2022।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 का आगाज अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया में होने जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इस ट्रॉफी के लिए कुल 16 टीमों के बीच जंग होगी। भाग लेने जा रही हैं। टॉप की 8 टीमों को सीधे ग्रूप-12 स्टेज में एंट्री मिली है, जबकि 4 टीमें क्वालिफिकेशन राउंड जीतकर अपनी जगह पक्की करेंगी। इस साल वर्ल्ड कप जीतने की दावेदार टीमों में भारत का नाम भी शामिल है।

## भारतीय टीम 15 साल बाद करना चाहेगी कमाल

भारतीय टीम के नाम अब तक सिर्फ एक ही टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का रिकॉर्ड है। भारत ने सबसे पहले साल 2007 में जब टी-20 वर्ल्ड की शुरुआत हुई थी तो इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में फाइनल मैच में पाकिस्तान के खिलाफ टीम ने आखिरी ओवर में बहुत ही क्लोज मैच अपने नाम किया था। इस साल फिर टीम के पास इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाने का मौका होगा।

## विजेता टीम को मिलेंगे करोड़ो रुपये

आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए शुक्रवार 30 सितंबर को इनामी राशि की घोषणा कर दी है। इस बार विजेता टीम को .1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर करीब 13 करोड़ रुपये मिलेंगे। आईसीसी ने अपने ऑफिश्यली ट्विटर अकाउंट पर एक ट्वीट किया है। जिसके जरिए उन्होंने इस साल वर्ल्ड कप में टीमों को मिलने वाली प्राइज मनी के बारे में विस्तार से जानकारी शेयर की है।

## फाइनल-सेमीफाइनल में पहुंची टीमों को भी मिलेगा पैसा

आईसीसी द्वारा किए गए ट्वीट के मुताबिक फाइनल में हारने वाली टीम को 6.52 करोड़ रुपये मिलेंगे। जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीम को 3.26 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इतना ही नहीं सुपर-12 में पहुंचने वाली टीमों को भी इस बार आईसीसी की तरफ से अच्छा खासा पैसा दिया जाएगा। न इन टीमों को प्राइज़ मनी के तौर पर 57-57 लाख रुपये दिए जाएंगे।

## यहां जानें किसको मिलेंगे कितने पैसे

वर्ल्ड कप विनर - 13 करोड़ रुपये से अधिक

रनरअप - करीब 6.52 करोड़ रुपये

सेमीफ़ाइनल हारने वाली टीम - 3.26 करोड़ रुपये

सुपर 12 जीत - 32 लाख रुपये

सुपर 12 एग्जिट - 57 लाख रुपये

पहले दौर की जीत - 32 लाख रुपये

पहले दौर से बाहर होने पर - 32 लाख रुपये

# गुजरात जायंट्स ने सीजन 9 के लिए चंद्रन रंजीत को कप्तान बनाया

**अहमदाबाद, 30 सितम्बर 2022।** अदानी स्पोर्ट्सलाइन की टीम गुजरात जायंट्स ने शुक्रवार को चंद्रन रंजीत को प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 से पहले टीम का कप्तान घोषित किया, जो 7 अक्टूबर से बेंगलुरु के श्री कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में शुरू होगी। गांधीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चंद्रन ने टीम प्रबंधन द्वारा भूमिका पर भरोसा किए जाने पर खुशी जाहिर की।



चंद्रन ने कहा, मैं प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 के लिए गुजरात जायंट्स के कप्तान की जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्साहित हूं और मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं टीम प्रबंधन का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। गुजरात जायंट्स हमेशा से ही भारत के खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध फ्रेंचाइजी रही है। हमारे प्रशंसकों ने हर साल हमेशा हमारा समर्थन किया है। मैं अपनी टीम का अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं के लिए मार्गदर्शन करूंगा।

हेड कोच राम मेहर सिंह ने आगामी सीजन के लिए टीम की रणनीतियों पर बात की और पर्दे के पीछे किए जा रहे काम की एक झलक दी। इस दौरान, अनुभवी मुख्य कोच और सहायक कोच एमवी सुंदरम के साथ, मार्की खिलाड़ी रिंकू और फ्रेंचाइजी के लिए उप-कप्तान, और नए युवा खिलाड़ी प्रतीक दहिया और राकेश भी शामिल हुए।

कोच ने कहा, गुजरात जायंट्स में हम अपने नारे गरजेगा गुजरात में विश्वास करते हैं। हमारा लक्ष्य हमेशा मैट पर शानदार प्रदर्शन करना और अपने रोमांचक एक्शन से कबड्डी प्रशंसकों का मनोरंजन करना है।

राम मेहर सिंह ने कहा, अडानी स्पोर्ट्सलाइन के मार्गदर्शन और समर्थन के तहत, हमने अपनी टीम की ताकत को ध्यान में रखते हुए, आने वाले सीजन के लिए अपनी रणनीति तैयार की है।

गुजरात जायंट्स फ्रेंचाइजी ने इस अवसर का उपयोग प्रशंसकों को अपनी टीम का परिचय देने के लिए किया और यह भी बताया कि कैसे प्रशंसकों की वापसी से खिलाड़ियों को उनमें सर्वश्रेष्ठ लाने में मदद मिलेगी।

अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने 2017 में कबड्डी में प्रवेश किया और 2017 और 2018 में दो बार उपविजेता रही है। इसने जमीनी स्तर पर कबड्डी के घरेलू खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूल आउटरीच कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं।

# विजय बनकर फिर से पुलिस की आंखों में धूल झोकेंगे अजय देवगन

साल 2015 में रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्म दृश्यम आज भी लोगों के जेहन में बसी हुई है। फिल्म की कहानी से लेकर अजय देवगन और तब्बू की एक्टिंग को दर्शकों ने काफी सराहा था। आज भी अक्टूबर के महीने में दृश्यम के डायलॉग्स लोगों की जुवान पर चढ़े रहते हैं। अब एक बार फिर अजय देवगन फैन्स को बड़ा तोहफा देने वाले हैं। हाल ही में उन्होंने दृश्यम 2 का अनाउंसमेंट किया था, जिसके बाद फैंस की एक्साइटमेंट दोगुनी हो गई थी। अब दृश्यम 2 का फर्स्ट लुक जारी हुआ है, जिसमें सालगांवकर परिवार एक बार फिर से पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए तैयार होता नजर आ रहा है।





दृश्यम 2 के फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा, 2 या 3 अक्टूबर को क्या हुआ था याद है ना? विजय सालगांवकर अपने परिवार के साथ एक बार फिर से आ गया है। इसके साथ ही अजय देवगन ने बताया कि दृश्यम 2 का टीजर 29 सितंबर को जारी होगा। अजय देवगन के इस पोस्ट पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए कहा कि यह फिल्म सबसे बड़ी हिट साबित होगी तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, आखिरकार वह अपने परिवार के साथ फिर से वापस आ रहा है।

# उर्फी के ही नक्शे कदम पर चलकर इंटरनेट पर छाई श्वेता शर्मा

टीवी की मशहूर अभिनेत्री उर्फी जावेद अपने लुक एवं ऑउटफिट को लेकर अक्सर सुर्ख़ियों में छाई रहती हैं। आए दिन उनकी फोटोज एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं। उर्फी आए दिन अपने सोशल मीडिया अकाउंट से अपनी फोटोज साझा करती हैं तथा हर एक में उनका अंदाज अनोखा होता है। उर्फी के ही नक्शे कदम पर श्वेता शर्मा भी चल पड़ी हैं। उनकी तस्वीरें देखकर कई लोग उन्हें भोजपुरी की उर्फी जावेद कह रहे है। श्वेता भोजपुरी फिल्मों का जाना-पहचाना नाम बन गई हैं, साथ ही सोशल मीडिया पर भी खूब ख़बरों में रहती हैं।बता दें कि सोशल मीडिया पर श्वेता शर्मा अपने बोल्ड लुक का लेकर अक्सर ख़बरों में रहती हैं। लोग उन्हें भोजपुरी की उर्फी जावेद भी बोलते हैं। आपको बता दें कि श्वेता शर्मा ने रितेश पांडे के साथ गजब करईहा नाम के एल्बम से भोजपुरी फिल्मों में कदम रखे थे। अपने पहले ही भोजपुरी गाने से श्वेता शर्मा खूब मशहूर हो गई।श्वेता शर्मा सोशल मीडिया पर भी बहुत एक्टिव रहती हैं। लुक और स्टाइल के मामले में वह भोजपुरी एवं बॉलीवुड अभिनेत्री से कम नहीं हैं। श्वेता आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज प्रशंसकों के साथ शेयर करती दिखाई देती हैं। फोटोज में उनका लुक और अंदाज देखने लायक होता है। यही कारण है कि श्वेता की फोटोज और वीडियो खूब वायरल होते हैं। श्वेता शर्मा की बोल्ड अदाएं उनके प्रशंसकों को खूब पसंद आती हैं। श्वेता शर्मा पर ट्रेडिशनल एवं वेस्टर्न हर प्रकार के परिधान खूब जमते हैं। श्वेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बिकिनी में भी खूब फोटोज शेयर की हुई हैं। जिन्हे देखकर फैंस उन्हें भोजपुरी की उर्फी जावेद कह रहे है।



# चिरंजीवी की गॉडफादर के ट्रेलर ने प्रशंसकों को किया रोमांचित



साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी की फिल्म गॉडफादर के निमार्ताओं ने अनंतपुर में फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। जिससे उनके चाहने वालों के बीच एक अलग तरह का उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म की कहानी क्या है। फिल्म में, राज्य के मुख्यमंत्री पीकेआर का निधन हो जाता है जिसके बाद उनके उत्तराधिकार पर सवाल उठता है। उनकी बेटी (नयनतारा) को सत्ता में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन उनके दामाद (सत्य देव) और पार्टी में कुछ अन्य लोग सत्ता हथियाने में लगे हैं। दिग्गज नेता का भरोसेमंद आदमी ब्रह्मा (चिरंजीवी) फिर मैदान में उतरता है और लालची लोगों को दूर रखने में कामयाब होता है। चिरंजीवी ने ब्रह्मा के साथ-साथ गॉडफादर के रूप में एक मजबूत प्रदर्शन दिया है। स्क्रीन पर सलमान खान की मौजूदगी फिल्म की शान को बढ़ा देती है।

उन्हें एक साथ देखना काफी शानदार है। नयनतारा और सत्य देव अपनी-अपनी भूमिकाओं में अच्छे हैं। नीरव शाह ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है, जबकि एसएस थमन ने अपने बैकग्राउंड स्कोर से दृश्यों को जीवंत कर दिया है।

चिरंजीवी का हर डायलॉग दमदार है। मेगास्टार चिरंजीवी और सुपरस्टार सलमान खान स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे, जो फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण है। डायरेक्टर मोहन राजा ने दोनों स्टार्स के बेस्ट वर्जन को सामने लाने की कोशिश की है। उन्होंने वास्तव में दो मेगास्टारों को उसी तरह प्रस्तुत किया जैसे प्रशंसक उन्हें देखना चाहते हैं। गॉडफादर 5 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।






# बिग बॉस 16 में होगी सौंदर्या शमा की एंट्री!

1 अक्टूबर को टीवी के चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 16 का आगाज होने वाला है। वही जैसे जैसे शो का ग्रैंड प्रीमियर पास आ रहा है निर्माता प्रतियोगियों के नाम भी रिवील करने लगे हैं। शो में ग्लैमर गर्ल सौंदर्या शर्मा के पार्टिसिपेट करने की खबरें हैं। निर्माताओं ने मास्क पहने मिस्ट्री गर्ल का वीडियो साझा किया था। यूजर्स का दावा है कि ये मास्क गर्ल कोई और नहीं बल्कि सौंदर्या शर्मा हैं। सौंदर्या शर्मा के नाम की जब इतनी चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है, तो ये जानना भी बनता है आखिर कौन हैं वे? सौंदर्या शोबिज इंडस्ट्री में नई नहीं हैं। वे कई वर्षों से एक्टिव हैं। हालांकि इतना अवश्य है कि सौंदर्या को अभी तक पहचान नहीं मिल पाई है। सौंदर्या अभिनेत्री एवं मॉडल हैं। उन्होंने हिंदी फिल्मों में काम किया है। नई दिल्ली में पली बढ़ी सौंदर्या ने डेंटल स्टडीज में बैचलर किया है। दिल्ली के कई हॉस्पिटल्स में सौंदर्या ने काम किया है।












## संक्षिप्त समाचार




### संजय शुक्ला होंगे नए पीसीसीएफ, राज्य सरकार ने दी बड़ी जिम्मेदारी

**रायपुर, 30 सितम्बर 2022।** राज्य शासन ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर भारतीय वन सेवा (1987) के अधिकारी संजय शुक्ला की पदस्थापना की है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

### रायपुर में साढ़े 4 किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर, 30 सितम्बर 2022।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशा के कारोबार करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर व अपराध तथा नगर पुलिस अधीक्षक उरला के मार्ग दर्शन में थाना खमतराई पुलिस द्वारा लगातार अभियान कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम्य में मुखबीर से सूचना मिला कि बंजारी मंदिर बांधा के पास मैदान में एक व्यक्ति सफेद रंग प्लास्टिक थैला में मादक पदार्थ गांजा ब्रिकी करने ग्राहक तलाश कर रहे है।

सूचना पर हमराह स्टाप एंव गवाह के मुखबीर के बताये स्थान पर दबिश देकर संदेही व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम निजामुद्दीन खान बताये अपने पास रखे सफेद रंग के प्लास्टिक थैला को तलाशी लेने पर मादक पादर्थ गांजा मिलने पर आरोपी के विरूद्ध अप.क्र 807/22 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी के कब्जे से 4 किलो 150 ग्राम गांजा किमती लगभग 41,500 रूपये को जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### 10 किलो की जिंदा आईईडी बम बरामद, सीआरपीएफ जवानों ने किया निष्क्रिय



**दंतेवाड़ा, 30 सितम्बर 2022।** दंतेवाड़ा के जावंगा गीदम में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 231 बटालियन ने एक बार फिर नक्सलियों के मंसूबों को कामयाब होने से रोका है। नक्सलियों की सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश को 231 बटालियन ने नाकाम कर दिया।

दरअसल आज सुबह 231 वीं वाहिनी अपने परिचालनिक क्षेत्र में सुरेंद्र सिंह, कमाण्डेंट 231 बटालियन के संपूर्ण नेतृत?व में 2 कंपनियां गांव बैनपल?ली में घेराबंदी एवं तलाशी अभियान के लिए निकली हुई थी। सुरक्षाबलों की टुकड़ी सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए सर्तकतापूर्वक और सावधानी बरतते हुए गांव बैनपल्ली से अपने कैम्प की ओर वापस आ रहे थे, तभी वाहिनी के बम्ब निरोधक दस्ता टीम को डीएसएमडी के माध्यम से आईईडी लगे होने का संकेत मिला।

सीएम भूपेश बघेल ने किया बड़ा ऐलान

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना' की तीसरी किस्त दी जाएगी 15 अक्टूबर को



**रायपुर, 30 सितम्बर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यक्रम के लिए पंडरिया विधानसभा के ग्राम इन्दौरी के भेंट-मुलाकात स्थल पहुंचे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि - नवरात्रि की पावन बेला में आप लोगों के बीच आया हूं। आप सभी को नवरात्रि की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

पानी बहुत गिरा, फसल अच्छा है, किसान खुशहाल है। सबसे पहले हमने किसानों का ऋण माफ किया, उनके हित में लगातार कार्य कर रहे। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किस्त दीवाली के पहले 15 अक्टूबर को दी जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा 2500 रुपए में धान खरीदी पर असहयोग के बाद भी हमने, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम दिया। 4 मई से भेंट-मुलाकात का सिलसिला चल रहा है। लोगों से मिल रहे हैं, बातें हो रही हैं, योजनाओं का फीडबैक मिल रहा है।

इस दौरान थानवर चंद्रवंशी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी पौने दो एकड़ खेती है। उसने 20 हजार ऋण लिया था, वो माफ हो गया है। किसान ने त्यौहार के समय योजना अन्तर्गत राशि भुगतान करने की मुख्यमंत्री की बात पर खुशी जाहिर की।

ग्राम आछी निवासी गोविंद चंद्रवंशी ने बताया कि उनका 25 हजार ऋण माफ हुआ हैं। इस साल दोनों किस्त मिल गया है, गन्ना के भी पैसा न्याय योजना के तहत आया है। जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि धान के 9000 रुपए के हिसाब से और गन्ना के 355 रुपए क्विंटल के हिसाब से विक्रय मूल्य दिया जा रहा है।

# गौ हत्यारे के मकान को जिला प्रशासन ने ढहाया



**मनेंद्रगढ़, 30 सितम्बर 2022।** नए जिले मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी -भरतपुर में 13 सितम्बर को एक व्यक्ति और उसके पूरे परिवार को गौ हत्या करते हुए पकड़ा गया था। पुलिस ने आरोपी खुर्शीद सहित उसके पूरे परिवार को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी का घर शहर के वार्ड क्रमांक 4 में है, जहां आरोपी गौ हत्या कर मांस बेचता था। इस मामले में जिला प्रशासन ने अब बड़ा कदम उठाया है।

मिली जानकारी के अनुसार गौहत्या के आरोपी का घर जहां स्थित है वह रेलवे की जमीन है। इस पर रेलवे को तहसीलदार ने प्रतिवेदन भेजा कि, उक्त मकान रेलवे की जमीन पर अवैध कब्ज़ा कर बनाया गया है, और प्रतिवेदन में तहसीलदार ने उस घर को 3 दिन में गिराने का आदेश भी दिया है। रेलवे ने इस मामले की जाँच की तो पाया गया कि खुर्शीद का मकान सच में रेलवे की ही जमीन पर बना हुआ है। अब तहसीलदार के आदेश पर गौहत्या के अवैध मकान को तोड़ा जा रहा है।

# कुम्हारी हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में,भाई ही निकला हत्यारा





**भिलाई, 30 सितम्बर 2022।** कुम्हारी में हुए 4 लोगों की हत्या के मामले को आखिरकार दुर्ग पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर सुलझा लिया है। इस मामले में 2 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि पुलिस पूछताछ में ये संख्या और भी बढ़ सकती है।

सूत्रों की माने तो इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी मृतक भोलानाथ का भाई ही है, जिसके घर से पुलिस को खून से सने कपड़े और कुछ खून से सने हथियार भी मिले हैं। महत्वपूर्ण बात ये है कि आपसी विवाद इस हत्याकांड की वजह बना है। बता दे कि कुम्हारी से 5 किलोमीटर दूर ग्राम अकोला की एक बाड़ी में कल एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या हुई थी। पति पत्नी और बच्चो को बेदर्दी से मौत के घाट उतारा गया था। इस हत्याकांड के बाद जांच के लिए फोरेंसिक की टीम, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, क्राइमब्रांच सहित डॉग स्कॉट मौके पर पहुंची हुई थी, जहां डॉग स्कॉट के डॉग पुलिस को बार-बार नदी की ओर ले जा रहे थे। ऐसे में पुलिस पहले ही नदी के रास्ते आरोपियों के भागने की आशंका जता रही थी।

मामले की जांच के लिए दुर्ग एसपी ने 30 सदस्यीय जाच टीम गठित की थी और इस टीम के कुछ सदस्यों को तुरन्त उड़ीसा रवाना किया था, वही हत्याकांड के बाद से गांव से गायब हो गए 6 लोगों की भी पुलिस तलाश कर रही थी। इसी बीच हत्याकांड के बाद उड़ीसा भागे आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में है। फिलहाल आरोपियों के फोन को पुलिस ने जप्त कर लिया है और मृतकों के फोन से कॉल डिटेल मैच की जा रही है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों से अब भी पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि कुछ और नाम इस मामले में जुड़ सकते है, वहीं सूत्रों की माने तो शाम तक पुलिस इस पूरे मामले का खुलासा कर सकती है।



### मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन 2 अक्टूबर से

**कोंडागांव, 30 सितम्बर 2022।** जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। उक्त मद्य निषेध सप्ताह के दौरान मद्यपान एवं अन्य मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जागरूकता निर्मित की जायेगी।

इस दिशा में समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत माता वाहिनी के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर नशामुक्ति रैली एवं गोष्ठी आयोजित की जायेगी। इस दौरान कला मण्डली तथा कला पथक दलों के द्वारा नशामुक्ति संबंधी प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। इसके साथ ही नशामुक्ति पर केन्द्रीत ब्रोशर, पेम्प्लेट, बैनर आदि का वितरण किया जायेगा।

# शिवनाथ नदी के पुल पर कार खड़ी कर बैंक मैनेजर ने लगा दी छलांग!



**दुर्ग , 30 सितम्बर 2022।** एक निजी बैंक के मैनेजर ने शिवनाथ नदी से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली. स्ठ्क्रन दुर्ग की टीम ने दो दिन रेस्क्यू करके 30 घंटे बाद शव को पानी से बाहर निकाला। फ़िलहाल, पुलगांव पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करके शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलगांव पुलिस के मुताबिक, स्थानीय गोताखोरों ने गुरुवार सुबह जानकारी दी कि एक कार सीजी 04 एमवाय 2686 पुराने पुल में संदिग्ध हालत में खड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा की कार में कोई नहीं था। कार के अंदर दो मोबाइल फोन पड़े हैं और रस्सी भी पड़ी हुई है। खुदकुशी की आशंका के चलते स्ठ्क्रन दुर्ग की टीम को बुलाया गया। SDRF ने गुरुवार को काफी देर तक नदी में रेस्क्यू किया, लेकिन शव का पता नहीं चला।



इसी दौरान पलाश के पिता अनिल अग्रवाल अपनी पत्नी और बेटे के साथ वहां पहुंचे और कार को देख चींख पड़े। उन्होंने बताया कि ये कार उनके बेटे की थी। उसकी बुधवार को सगाई टूटी है। इससे वह काफी डिप्रेशन में था। इस बयान के बाद पुलिस को पुख्ता हो गया कि पलाश ने खुदकुशी की है।

इसके बाद शुक्रवार सुबह से स्ठ्क्रन दुर्ग की टीम नदी में उतरी। कई घंटे की खोज के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। शव को देखकर परिजनों की चीख पुकार शुरू हो गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई पूरी कर शव को पीएम के लिए भिजवाया।

# ट्रेन से कटकर 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत



**जांजगीर चांपा, 30 सितम्बर 2022।** ट्रेन से कटकर 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई. हादसे के घंटों बाद शव के ऊपर से ट्रेनें गुजरती रही, लेकिन शव पर किसी की नजरें नहीं पड़ी. दरअसल, मृतक प्रशांत गुप्ता जांजगीर के वार्ड नंबर 18 के रमन नगर का रहने वाला है. घर से सुबह फूल लेने के लिए निकला था. जहां पटरी पर ट्रेन से कट गया. ट्रेन उसके ऊपर से गुजर गई. मौके पर ही मौत हो गई.

मामले की जानकारी पुलिस को मिली. मौके पर जांजगीर पुलिस पहुंची. मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जांजगीर के खोखसा फाटक के पास हादसा हुआ है. बता दें कि हादसे में सिर अलग और धड़ अलग हो गए हैं. रेलवे ट्रैक पर जो हिस्सों में बंटे दिख रहे हैं. वहीं इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया है. परिवार के लोगों का रो-रोकर बुराहाल है।

फर्जी डिग्री बांटने का मामला

# MATS और ISBM विश्वविद्यालय को जवाब पेश करने हाईकोर्ट ने दी अंतिम मोहलत

### विधायक और जेल में बंद कैदी के नाम जारी की गई थीं डिग्रियां



**बिलासपुर, 30 सितम्बर 2022।** हाईकोर्ट ने फर्जी डिग्री बांटने के मामले में घिरे राज्य के बड़े विश्वविद्यालय MATS और ISBM को जवाब पेश करने के लिए 2 नवंबर तक अंतिम मोहलत दी है। पुख्ता सबूत मिलने के बाद भी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में दोनों यूनिवर्सिटीज के खिलाफ याचिका दायर की है। याचिकाकर्ताओं ने दोनों विश्वविद्यालयों के खिलाफ की गई जांच की रिपोर्ट भी हाईकोर्ट में पेश की है। रायपुर निवासी संजय अग्रवाल व एक अन्य ने MATS और ISBM यूनिवर्सिटी पर फर्जी डिग्रियां बांटने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई है। फर्जी डिग्री बांटने का मामला- MATS और ISBM विश्वविद्यालय को जवाब पेश करने हाईकोर्ट ने दी अंतिम मोहलत विधायक और जेल में बंद कैदी के नाम जारी की गई थीं डिग्रियां इसमें बताया गया है कि दोनों यूनिवर्सिटी अपने स्थापना काल से फर्जी डिग्रियां बांटते आ रही हैं। याचिका में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट संलग्न की गई है, जिसके अनुसार याचिकाकर्ता संजय अगवाल ने 7 जून 2021 को उच्च शिक्षा विभाग को दोनों यूनिवर्सिटीज के खिलाफ शिकायत सौंपी थी। इस पर आईएएस की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर शिकायत की जांच की गई थी, जिसमें सारे आरोप सही पाए गए। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को हाईकोर्ट में हुई।

# रायपुर में चाईल्ड पोर्नोग्राफी मामले में 9 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर, 30 सितम्बर 2022।** पुलिस मुख्यालय नवारायपुर से मोबाईल नम्बरों के अज्ञात धारकों द्वारा बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो (चाईल्ड पोर्नोग्राफी) अपलोड कर प्रसारित करने के प्रकरण जांच हेतु एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट रायपुर को प्राप्त हुए थे तथा प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था।

जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध श्री अभिषेक माहेश्वरी को चाईल्ड पोर्नोग्राफी के प्रकरणों का जल्द से जल्द निकाल करते हुए मोबाईल नम्बरों के अज्ञात धारकों की पतासाजी कर गिरफ्तार कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट अंतर्गत सायबर विंग द्वारा चाईल्ड पोर्नोग्राफी के प्रकरणों में तकनीकी विश्लेषण कर अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित किया गया तथा एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट एवं संबंधित थानों की संयुक्त टीमों द्वारा रायपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से प्रकरणों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित थानों में कार्यवाही किया गया।

# 45 आईएएस अधिकारियों के खिलाफ अनियमितता की शिकायतों पर पिछले 5 सालों से नहीं हुई कारवाई




**रायपुर, 30 सितम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में प्रदेश में 45 आईएएस अधिकारीयों द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए शासकीय सम्पतियों को अपने निजी हित के लिए उपयोग करने सहित आर्थिक अनियमितता की गंभीर शिकायतें मिली थी। ये शिकायतें 2016 से पेंडिंग पड़ी हैं।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 45 अधिकारियों के खिलाफ विभिन्न शिकायती प्रकरण पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी और यह मामला अब भी लंबित हैं। इनमें से दो अधिकारियों के खिलाफ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और ऐंटि करप्शन ब्यूरो में मामला दर्ज किया गया है, वहीं तीन आईएएस अधिकारियों के खिलाफ परिवार को लाभ पहुंचाने तथा परिवार द्वारा एनजीओ संचालित करने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है।

### विधायक देवजी भाई पटेल ने उठाया था सवाल

विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के विधायक देवजी भाई पटेल के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री रमन सिंह ने बताया कि इस वर्ष 17 नवंबर तक भारतीय प्रशानिक सेवा के 45 अधिकारियों के खिलाफ शिकायत लंबित है। सिंह ने बताया कि 45 अधिकारियों में से दो अधिकारियों मंत्रालय में पदस्थ संयुक्त सचिव जेल और परिवहन विभाग वीके धुर्वे और अवर सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग रणवीर शर्मा के खिलाफ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और ऐंटि करप्शन ब्यूरो में मामला दर्ज है।

### प्रोटोकॉल अधिकारी ने वाहनों के फर्जी भुगतान किया

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरगुजा जिले के तत्कालीन प्रोटोकॉल अधिकारी और अपर कलेक्टर पर आरोप है कि उन्होंने वाहनों का किराया, निर्धारित दर से अधिक दर पर भुगतान किया है। बिलों में वाहनों का प्रकार कुछ और बताया गया है जबकि आरटीओ से सत्यापन कराने पर बिल लिखित वाहन नहीं पाया गया है, अर्थात प्रोटोकॉल अधिकारी द्वारा फर्जी वाहनों के बिल बनाकर भुगतान किया गया है।

उन्होंने बताया कि बिल में जिस वाहन को टाटा डेकार बताया गया था उसे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा मोटर साइकिल बताया गया है। धुर्वे के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने वाहनों के लिए निर्धारित दर के अलावा मनमाने और अधिक दर पर किराया भुगतान कर वाहन मालिकों को अनुचित लाभ पहुंचाया है।

# राज्यपाल अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ विद्युत शुल्क (संशोधन) विधेयक 2022 पर किया हस्ताक्षर



**रायपुर, 30 सितम्बर 2022।** राज्यपाल अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ विद्युत शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2022 पर हस्ताक्षर कर दिए है। संशोधन में विभिन्न उपभोक्ता श्रेणियों के लिए वर्तमान में प्रभावशील ऊर्जा प्रभार के शुल्क की दरों में प्रतिशत में वृद्धि की गई है। विधेयक के भाग क (धारा 3(1) (अ) ) में उल्लेखित सरल क्र. 1 व 2 में क्रमशः घरेलू उपभोक्ताओं के लिए वर्तमान ऊर्जा प्रभारों के प्रतिशत में प्रभावशील शुल्क की दर 8 प्रतिशत में 3 प्रतिशत वृद्धि उपरांत 11 प्रतिशत तथा गैर घरेलू उपभोक्ता के लिए वर्तमान प्रभावशील दर 12 प्रतिशत में 5 प्रतिशत वृद्धि उपरांत 17 प्रतिशत शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार भाग क (धारा 3(1) (अ) ) में सरल क्र.3 से 13 के विभिन्न उपभोक्ता श्रेणी तथा औद्योगिक इकाईयों, लघु व मध्यम उद्योगों आदि के लिए शुल्क वृद्धि की गयी है। सरल क्र.14 व 15 के लिये अनुसूची की उच्चतम दर निर्धारित की गई है। इसी प्रकार भाग ख के (धारा 3 (1) (ब) में सरल क्र. 16 के उपभोक्ता अर्थात् राज्य के बाहर खुली पहुंच के माध्यम से अभिप्राप्त विद्युत उपभोग के लिए शुल्क की दरों मे कोई परिवर्तन नही किया गया है।

विधेयक के भाग-ग (धारा 3 (1) (स) ) के सरल क्र. 17, 19, 20, 21, 22 और 24 में उल्लेखित उत्पादन कम्पनियों, राज्य के निजी व सार्वजनिक कम्पनियां आदि इकाईयों के लिए ऊर्जा प्रभारों के प्रतिशत में शुल्क की दरे बढ़ाई गयी है तथा सरल क्र. 18 में उल्लेखित उत्पादन इकाईयों के लिए शुल्क यथावत रखा गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)